माता की मृत्यु का समय जानना—(१) जन्म के सूर्य स्पष्ट में से चंद्रस्पष्ट को घटावे तो शेष के उस राशि में या त्रिकोण राशि में या उस शेष राशि के नवांश राशि में जब गोचर का शनि वा गुरु होगा तब माता की मृत्यु का समय जानना।

अथ कन्याजन्मनि मूलचक्रम्

शीर्षे	मुखे	कण्ठे	हृदये	बाह्वो	हस्ते	गुह्ये	जंघा	जान्वो	पादे	स्थानम्
४	६	५	५	५	४	९	४	४	१०	घटी
पशु ना.	धन ना.	धन ला.	कुटिला	धनला.	दयावती	कामिनी	मातृना.	भ्रातृना.	वैधव्य	फलम्

कन्याजन्मनि नक्षत्रफलम्

जन्म नक्षत्र	मूल	आश्लेषा	ज्येष्ठा	विशाखा (४च०)
फलम्	(१।२।३च०) श्वसुरहानि	(२।३।४ च०) सास नाश	ज्येष्ठ नाश	देवर नाश

मूलः सुता वा नियतं श्वसुरं हन्ति मूलजः । तदन्त्यपादजो नैव तथा श्लेषाद्यपादजः ।

[illegible]—पूर्णा तिथियों के अन्त की ७ घड़ी, नन्दा तिथियों आदि की दो-दो घड़ी तिथि गण्डान्त होता है। यह गण्डान्त जन्म, यात्रा, विवाह में भयप्रद होता है।

अथ गण्डमूल नक्षत्राणि

अश्विनी । आश्लेषा । मघा । ज्येष्ठा । मूल । रेवती ।

उपरोक्त ६ नक्षत्र गण्डमूल कहलाते हैं, इन नक्षत्रों में उत्पन्न होने वाला बालक माता, पिता, कुल और अपने शरीर का नाश करने वाला होता है। यदि अपना शरीर नष्ट होने से बच जावे, तो धन तथा भोगों का [illegible]

गण्डमूल में उत्पन्न पुत्र के ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता को दर्शन नहीं करना चाहिए, तत्पश्चात् शान्ति करके विधि से मुख देखना कल्याणप्रद है।

मूल और आश्लेषा नक्षत्र के चरण जन्मफल

मूल पाद फल			आश्लेषा पाद फल		
चरण		फल	चरण		फल
१	में	पितृनाश	४	में	पितृनाश
२	"	मातृनाश	३	"	मातृनाश
३	"	धननाश	२	"	धननाश
४	"	शान्ति से सुख	१	"	शान्ति से सुख

मूलजनने वृक्षविभाग फलम्

मूल	स्तम्भ	त्वचा	शाखा	पत्र	पुष्पे	फलम्	शिखा	विभाग
७	८	१०	११	१२	५	४	३	घटी
मूल नाश	वंश नाश	मातृ क्लेश	मातुल नाश	मन्त्री पदम्	मन्त्री पदम्	विपुल लाभ	अल्प जीव	फल

अथ मूलपुरुष चक्रम्

मूर्ध्नि	मुखे	स्कन्धे	बाह्वोः	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्ये	जान्वोः	पादे	स्थान
५	७	४	८	४	९	२	१०	६	६	घटी
राजा	पि.मृ.	बली	बली	दानी	मन्त्री	ज्ञानी	कामी	मतिमा.	मतिमा.	फलम्

अथ मूलनिवास चक्रम्

जन्ममासानुसारेण	वै. ज्ये. मार्ग. फा.	चैत्र, श्रा. का. पौ.	आषा. आ. माघ भा.
जन्मलग्नानुसारेण	२।५।८।११	३।६।९।१२	१।४।७।१०
मूलनिवासस्थानम्	पाताले	भूमौ	स्वर्गे
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

मूल का निवास मास व लग्नानुसार दोनों प्रकार से भूमि पर आवे तो महाभयप्रद होता है एक प्रकार से स्वल्पभय होता है। तृतीया, दशमी, षष्ठी शनिभौमसमन्विता। यत्र गण्डे कुरयुते महादोषकरो भवेत्। शुक्ला चतुर्दशी मूले जातं संहरते कुलम् ॥ दिनक्षये व्यतीपाते व्याघाते विष्टिवैधृतौ। शुभग्रहसमायोगे ईषच्छुभकरं भवेत् ॥ शूले गंडातिगंडे च परिघे यमघण्टके ॥ ब्रह्मदण्डे मृत्युयोगे प्राप्ते गंडदिने शिशुः। जातो हन्ति कुलं सर्वं तस्मात् कुर्वीत शान्तिकम् ॥

यथा सर्पविषञ्चैव मन्त्रश्रवणाद्विलीयते। तथैव गंडदोषोऽपि विधानेन विलीयते ॥ रत्नैः शतौषधीमूलैः सप्तमृद्भिः प्रपूर्यते। शतच्छिद्रं घटं तस्माच्छिद्रतेन जलेन हि ॥ बालकस्यापि तत्स्नाने विप्रैः सम्पादिते सति। जपहोमप्रदानेन कृतं स्यान्मांगलं [illegible] ॥ विद्धावयवे मूले विधिरेव स्मृतो बुधैः। मुनीनां वचनं सत्यं मन्तव्यं [illegible] ॥

अभुक्तमूलविचारः—ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्तिम चार घटी, किसी के मत से एक घटी [illegible] आदि की चार घटी विशेष आधी, अभुक्तमूल कहलाता है। इस

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

मृत्यु-[illegible]-विचार—जिन अरिष्ट योगों में मरण-काल नहीं कहा गया, उन अरिष्ट योगकारक ग्रहों में जो ग्रह बली हो, वह जन्मकाल में जिस राशि में स्थित हो उस राशि में जब चन्द्रमा आता है तब कहना। अथवा—जन्मकाल में जिस राशि में चन्द्रमा स्थित हो जब फिर उसी राशि में चन्द्रमा आता है, तब मरण कहना। अथवा चन्द्रमा जब लग्न राशि में आता है, तब मरण कहना। अथवा, वर्ष के भीतर जब जिस योग युक्त स्थान में जाकर चन्द्रमा बली हो, और पापग्रहों द्वारा देखा जाता हो, तब मरण कहना चाहिए। किन्तु जब तक आयु का विचार न हो सके तब तक अन्य विचार करना निरर्थक है, इस वास्ते आयु का प्रथम विचार कर फिर मृत्यु कहे।

सुलक्ष-योगाः—अंगधीश निज लग्न में बुध गुरु कवि के संग। या केन्द्र गृह २ परे तो जानो सुख संग॥ जन्मलग्न में उच्च ग्रह जो काहू के होय। मित्र दृष्टि ता पर परे सर्व सुखी नर होयं॥

क्लीब (नपुंसक) योगाः—दशम भवन भृगु मन्द दोउ क्लीब योग तब जान। शुक्र भवन ते रिष्फ षट् बसे क्लीब भानु॥

कुष्ठयोगाः—लग्नप बुध कुज शशि युते राहु युक्त या केतु। श्वेत कुष्ठ को योग यह करणत गुणी सचितु॥ भौम भास्कर मन्दयुत रक्तकृष्ण कह कुष्ठ। लग्नाधिप रविसाथ त्रिक तापगण्ड अति रुष्ट॥ जलजगंडयुत चन्द जो ग्रन्थिगंड कुज साथ। पित्त रोग तब जानियो, बुध त्रिकयुत तनु नाथ॥ आम रोग गुरुयुक्त त्रिक क्षयी रोग भगसून। यमतम शिखि या युक्त त्रिक, दिन प्रति रुजि कहि दून।

केमद्रुमः—आगे पीछे चन्द्र के जो न परे ग्रह कोय। केमद्रुम यह योग है सब धन हारे खोय॥ उच्च चन्द्र शुभयुक्त दृग केन्द्रधाम में होय। तब केमद्रुम शुभ कहे दोष न मानो कोय॥

अथ स्त्रीजातक

क्रूरलग्नयुत क्रूर जो, स्वामी दृष्टि नहीं होय। सो कन्या कुल गरल है, भूलि न व्याहेउ कोय॥ जाके कुज दशमे बसे ऋणी होय पति तासु। लग्न राहु शनि सातवें पति जीवे नहीं जासू। क्रूरयुक्त लग्नेश जो पापग्रहों के बीच। सो कन्या व्यभिचारिणी [illegible]वर कहै कुज नीच। राहु शुक्र जो लग्न में कन्या को पति और। पापु दृष्टि शनि सातवें कन्या घास कुठौर। लग्न बीच शनि कुज तमसि निर्धन स्वेच्छाचारि। सप्तम कुज राण्ड कहें पति को तजे तमारि॥ छठे आठवें चन्द्र जो क्रूर पर निर्ज अङ्ग। भौम आठवें भवन में सो पति करि है भंग॥ राहु सातवें लग्न कुज कंटक शुभ सों हीन ताको पति जीवित रहे वर्ष दोय वा तीन॥ द्वादशाष्ट कुज क्रूरयुत राहु बसे त्रिकधाम। राण्ड होय कुछ दिवस में कहत गणक गुणग्राम॥ पाप ग्रहों के बीच में लग्न होय वा चन्द। सो त्रिय नाशे कुल डुबो भाषत कविकुल वृन्द॥ सप्तम भृगु जाके बसे सो कुल दोसी नारि। रूपवती तनु भृगु बसे बुधजन कहत विचारि॥

वैधव्य-विषकन्या-योगाः—चौ० रविवार द्वितीया जो होय। श्लेषा ताहि दिन में जोय॥१॥ कृत्तिका होय शनिश्चर वार॥ साते तिथि का करो विचार॥२॥ होय शत[illegible] [illegible] मंगलवार। कहो द्वादशी [illegible] निर्धार॥३॥ इन योगन में कन्या होय। निश्चय [illegible]ने सोय॥४॥ जन्मलग्न द्वै शुभग्रह होय। एक पापग्रह नभ १० में जोय॥५॥ [illegible] में द्वै ग्रह मानो। ता कन्या को विधवा जानो॥६॥ अश्लेषा द्वितीया को होय॥ [illegible] [illegible]ो जोय॥७॥ परे शतभिषा मंगल[illegible] सातें तिथि लीजो निर्धार॥८॥ [illegible] विशाखा जानो होय॥९॥ ऐसो योग विधि जो परे। तो कन्या को विधवा [illegible]॥१०॥ दो०—सदन में भूमिसुत जन्म सदन शनि जान। सूर्य [illegible]ित सुत सप्तम में, कन्या विधवा मान॥११॥

वैधव्य-विषकन्याभंग-योगाः—जन्मलग्न या चन्द्र ते शुभग्रह सप्तम होय। अथवा सप्तम लग्नपति सुभगा कन्या होय॥

काकवन्ध्यादि-योगः—ज्ञे अष्टमे काकवन्ध्या। मन्दकविष्टमे वन्ध्या। अष्टमे जीवे वा शुक्रे नष्टगर्भा वा मृतापत्या॥

स्त्रीणां राज-योगाः—चौपाई-केन्द्रधाम नभगा शुभ होई। नरतनु पाय कलत्र समोई। रानी होय बहुत धन ताके। मन प्रसन्न होई है सुत वाके—चन्द्रज तुंग बसे तनु जाई। लाभ धन गुरु आवे बाई॥ सो तिय होय नृपति की नारी। जन विख्यात होय सुकुमारी॥ जो षट्वर्ग शुद्ध गुरु होई। शशि दृग केन्द्र भवन में होई॥ ऐसे योग जन्म सुकुमारी॥ रानी होय सदन धनभारी॥ दोहा— कर्क चन्द्रमा सातवें जीव दृष्टि परिपूर। पुत्र पौत्र धन भूरि युत ताको पति नृप शूर॥ लाभ भवन सित चन्द्र जो सौमज सप्तम भौम। सुरगुर परिपूर्ण लखे रानी होई है तौन॥

स्त्रीणां पुत्रभाव-विचारः—पञ्चमे शुभदृष्टे च पञ्चमाधिपतावपि। केन्द्रकोणे तदा नारी बहुपुत्रवती भवेत्॥

स्त्री आदि के लिए अशुभ प्रसव मास— कार्तिक में स्त्री, भाद्रपद में गौ, मार्गशीर्ष में हथिनी, श्रावण में गधी वा घोड़ी, माघ में भैंस, ज्येष्ठ में बिल्ली, वैशाख में ऊंटनी, पौष में बकरी, चैत में कुतिया के बच्चे जन्में तो ६ मास में पिता वा घर वाले की मृत्यु अथवा महाभय होता है। माघ में बुधवार को भैंस, श्रावण में दिन में घोड़ी प्रसूति हो तो महाभय शीघ्र होवे। स्मरण रहे, कि यहां सर्वत्र सौरमास का ग्रहण है। प्रसूता गौ आदि का तत्क्षण दानकर व्याहृति मन्त्रों से घृताक्त श्वेत सरसों का हवन करे, बच्चा जन्मे तो कार्तिक शांति करे, तो शुभ है।

त्रिखलजन्म फल—यदि तीन कन्याओं के पश्चात् पुत्रोत्पत्ति हो अथवा तीन पुत्रों के पश्चात् कन्या का जन्म हो तो त्रिखल नामक दोष के कारण कन्या माता को, लड़का पिता को भय, धनहानि आदि कष्ट होते हैं, कृपणता छोड़कर त्रिखल शांति करे तो शुभ होता है। तीन अन्न, तीन वस्त्र, तीन धातु (चांदी, सोना, तांबा) दान करे।

बालक की दन्तोत्पत्ति का फल

बालक के जन्मते ही दांत निकले हों, तो माता पिता को अरिष्ट, ऊपर की पंक्ति में दांत से युक्त जन्मे तो अधिक अरिष्ट। प्रथम ऊपर की पंक्ति में दांत निकले तो मातृपक्ष को भय हो, मामा शान्ति करे। एक मास में दांत निकले तो शरीर नष्ट, द्वितीय में छोटा भ्राता नष्ट. तृतीय में भगिनी नष्ट, चतुर्थ मे भाई नष्ट, पांचवें में ज्येष्ठ बन्धु नष्ट, छठे में बहुभोग, ७वें में पितृसुख, ८वें में पुष्टि, ९ में धनी, १०वें में सुख, ११वें में सुख, १२वें में धनी।

अर्थंकनक्षत्र-जनन-फलम्:—वृद्ध गर्ग कहते हैं कि यदि भ्राताओं वा पिता पुत्र माता वा कन्या का एक नक्षत्र हो तो दोनों को अथवा एक की अवश्य मृत्यु होती है। स्वर्णदान से कल्याण होता है।

जन्मकुण्डली से विशेष विचार

लघुप्रकार [illegible]—(१) जन्मलग्न स्पष्ट में दशम भाव का स्पष्ट

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS

पश्चिम भाग में ... नवग्रह का दान, हवन, जप, करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ७५ वर्ष जीवे। ... वृश्चिक—माता का दक्षिण या उत्तर में स्थिर, रक्त वा दग्ध वस्त्र, कष्ट अधिक, ... जन्मकुण्डली में सूर्य मंगल जिस दिशा में हों, वहां अग्निस्थान (पाकगृह) जानना इसी तरह चन्द्रमा से जलस्थान, बुध से भण्डार, गुरु से धनस्थान, शुक्र से देवस्थान और

शनि से। शुभ (मैला) स्थान जानना चाहिए। दो०—लग्ननाथ जो केन्द्र में तीन दिशा को द्वार। वा लग्नप दिशि जानिए कहत बुद्धि आगार॥ केन्द्र, (१।४।७।१०) स्थान में एक से अधिक ग्रह हों तो उनमें से जो बली (स्वराशिमित्रोच्च व मूल त्रिकोण राशि का) केन्द्र स्थान में स्वमित्र शुभ के नवांश में स्थित ग्रह हो उसकी दिशा में वा लग्नपति की दिशा में सूतिकागृह का द्वार होता है। ग्रहों की दिशा—सूर्य की पूर्व, चन्द्र की वायव्य, भौम की दक्षिण, बुध की उत्तर गुरु की ईशान, शुक्र की आग्नेय, शनैश्चर की पश्चिम, राहु केतु की नैऋत।

चन्द्रात्तैल-ज्ञानम्—चन्द्रमा से दीप के तैल का ज्ञान होता है, जैसे रात्रि का जन्म है और जन्मकाल पर चन्द्रमा के कम अंश व्यतीत हुए हैं, तो दीपक में तेल ज्यादा कहना, यदि चन्द्रमा आधी राशि भोग कर चुका हो, तो दीपक में आधा तेल कहना, यदि चन्द्रमा शीघ्र ही दूसरी राशि पर बदलने वाला हो, तो बहुत ही कम तेल कहना। सो०—तनुस्थान शशि जाई, वा शशि षष्ठे भवन में, शिशु जन्म तब आई, तब कहि दीपक तैल नहिं। सित शनिदश में वाम, पंचम, तनपे चन्द्रमा, शिशु जन्मे तब वाम, दीपक तैल सों युक्त कहि।

लग्नाद्दीपवर्ति-ज्ञानम्—जन्म लग्न के कम अंश हों तो बड़ी बत्ती कहना, अधिक अंश हों तो छोटी कहें।

चन्द्रलग्नांतर्गत-ग्रहैः स्युरुपसूतिका—यदि लग्न की निर्बलता के कारण लग्न फलानुसार उपसूतिका का पूरा पता न लगे तो जन्मकाल में लग्न से चन्द्रपर्यन्त जितने ग्रह उतनी ही उपसूतिका कहना। परन्तु जब कोई ग्रह चन्द्रमा के साथ हो तो उसके अंश देखें। यदि उसके अंश चन्द्रमा से कम हों, तो उसकी गणना करें अन्यथा उसे नहीं जोड़ें। इस प्रकार जो ग्रह लग्न में हों और उसके अंश लग्न से अधिक हों तब ही उसकी संख्या जोड़ें अन्यथा नहीं जोड़ें। लग्नचन्द्रान्तर्गत कोई ग्रह वक्र या उच्च का हो तो तीन गुणा करना और स्वराशि स्वनवमांश स्वद्रेष्काण में हो तो द्विगुण, करना, इसी प्रकार जितने ग्रह नीच राशि के अस्त के होवें उनका आधा करके उपसूतिकाओं में जोड़ने से ठीक उपसुतिका स्त्रियों की संख्या का ज्ञान होगा। इसमें भी विशेष यह ध्यान में रखने योग्य है कि वह लग्न चन्द्रान्तर्गत ग्रहलग्न के भोग्यांश से सप्तम भाव पर्यन्त होवे तो सुतिका ग्रह से बाहर समीप में, और सप्तम भाव से लग्न के भुक्तांश पर्यन्त हों तो सूतिका के समीप में अन्दर जानना। उन ग्रहों में जो शुभ-ग्रह हों वहां धर्मशील सौभाग्यवती स्त्रियां कहना, अशुभ ग्रहों में विधवा व दुश्चरित्रा कहें।

अथ शय्या, शिर व पाद विचारः

लग्नदिशि शय्या शिरस्त्रिषडक्रान्त्येष पादः। लग्न की दिशा की तरफ पलंग का सिरहाना कहना, अर्थात् १।२ लग्न में पूर्व, ३ में अग्निकोण, ४।५ में दक्षिण, ६ में नैऋत्य, ७।८ में पश्चिम, ९ में वायव्यकोण, १०।११ में उत्तर और १२ लग्न में ईशानकोण की तरफ जानना। तीसरा, छठा, नौवां, बारहवां स्थान पाये जानना। इन स्थानों में से जिस स्थान में पाप ग्रह युक्त हो वहां सूतिका के पलंग का पावा फटा टूटा समझना।
दो०—मीन-मिथुन-सिंह-तुला, मेष होय तत्काल। अन्तरिक्ष भयो बालका, शेष भूमि विशाल।

अथ चिन्ह-ज्ञानम्—दो० षट्त्रिकोण वा लग्न रबि बुध भाषे धरि ध्यान। वा में कुछ लहसन अहै भार्गवचन परमाण॥ भानु तथा सौरी तनधन कुज-कण्टक चन्द। बालक ... षट अंगुली भाषत कविकुलवृन्द। तनु स्थान में शुक्र हो ...

वा मस्तके अवश चिन्ह दरशाह॥ सुहृद भाव में कवि तम भौम वा सौरी लग्न। वाम पाद के चिन्ह को भाषत ज्योतिषमग्न॥ नौमें पांचे भृगु बसे तनु वा चौथे मन्द। मृत्यु जावे बुध गुरु उदरे चिन्ह भणंद।

प्रसवकष्ट दूर—प्रसवकाल में पहले शुक्लपक्ष की चतुर्दशी को प्रातः सूर्योदय से पहले सहदेवी या अपामार्ग (पुठकंडा) की जड़ें लाकर घृतयुक्त गुग्गुल की धूनी देकर कटि में बाधे और साथ ही "ओं मुक्ताः पाशा विपाशाश्च मुक्ताः सूर्येण रश्मयः। मुक्ताः सर्वभयाद् गर्भमेहि माचिर माचिर स्वाहा॥" इस मंत्र से सात बार शुद्ध जल अभिमन्त्रित करके गर्भिणी स्त्री को पिलावे तो सुख से शीघ्र प्रसव होगा। अगर तीस का यन्त्र भी अनार की कलम से कांसे की थाली में लिख धोकर पिला देवें तो गर्भिणी को कोई भय न होवे, बच्चा बिना कष्ट पैदा होवे। स्मरण रहे, कि पहले उपरोक्त मन्त्र तथा तन्त्र ग्रहण के समय या दीपमाला की रात्रि को मन्त्र का जाप करके तथा यन्त्र को लिख कर चलता कर लेवे, तब कष्ट को मिटाता है।

बालारिष्टः—

दो०—धनाष्टमतनु पाप खग, बरहे शशी जो खीन। कण्टक शुभ खगना बसै, वेगिताहियमलीन बसै चन्द्रा द्वादसै अष्ट भवन २ पाप। एक मास में शिशु मरे मातु-पिता संताप॥ लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाप। एक मास में शिश मरे मातु-पिता संताप॥ लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाव। बालक दसवासर जिये कहत बद्धि गुण भाव॥

अथ काण-योगाः—तनु-धन-व्यय-पति युक्त भृगु आई बसे त्रिकधाम। वा शशि धन कवि पाप युत, ताहि नेत्र बकाम। सार्कशुक्र तनुनाथयुत भवन बसै त्रिक जाम। जन्म-अन्ध यह योग है भाषत बुध समुदाय॥ तात मात भ्राता तनय मातुल त्रिय घर नाथ॥ चन्द्र भौम जो द्वादशे वाम नैन की हानि॥ भानु राहु दहनी नयन, बुधजन कहत बखान॥

मूक-योगाः—पञ्चमेष गुरु युक्त त्रिक मूकबाल तब होय। जौन भौमिपतियुक्त गुरु त्रिकहि मूक कहि सोय॥ शुक्र त्रिके गर्हसिह अज, दशम भानु कुज वास। मूक होय संशय नहीं बुधजन करत प्रकाश।

दुःखद-योगाः—रिपु मृत्यु द्वादश गेह में पापयुक्त लग्नेश। जन्म समय जा के परें, ताको अंग क्लेश॥ पाप युक्त तनु भवन में रिपु मृत्युप के ईश। यथा जोग जाके परे तनु मुख विश्वाबीस॥ पापग्रहयुत लग्नपति पर लग्न में आय। वीर्य्यहीन नर होय तो अधिक व्याधि रुजताय॥

बन्धनयोगा:—क्रूर रहे धन नवम व्यय, और पञ्चम आधार। सो नर सुर असुर करि निवसै कारागार॥

सर्पवेष्टितयोगा—यदि अष्टमेश लग्न में राहु सहित हो तो बालक सर्पवेष्टित अर्थात् सर्प जैसे नाल से वेष्टित होता है।

यमल-जन्म-योगा:—चतुष्पद राशि (मेष, वृष, सिंह, मकर का पूर्वार्द्ध और धन के उत्तरार्द्ध) का सूर्य होवे, शेष ग्रह बलवान् होकर द्विस्वभावराशि के लग्न में स्थित हों तो यमल अर्थात् दो बच्चों का इकट्ठा जन्म कहना। अथवा आधान लग्न (गर्भ वाले दिन का लग्न) का स्वामी लग्न में हो तो यमल का जन्म होता है।

माता बच्चे को त्याग दे—शनि मंगल से ५।७।९ स्थान में चन्द्रमा हो तो माता ... त्याग देने पर भी दीर्घायु हो।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

अथ प्रसूति-लग्न विचार

मेष—जन्म समय मेष लग्न हो, तो माता का पूर्व या पश्चिम में शिर, उपसूतिका दो या तीन, प्रसव में माता को कष्ट अधिक, पाद से प्रसव, भूमि में घर के पूर्व भाग में जन्म हुआ, बालक जन्मोपरान्त दीर्घ शब्द से रोया। माता ने लाल एवं मीठा भोजन किया था। वस्त्र लाल मलिन। ४।११।१६।४४।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप करवाना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवें।

वृष—माता का दक्षिण में शिर, उपसूतिका ३ या ४, जन्मोपरान्त दो और आई, जन्मते ही बालक दीर्घ शब्द से रोया, गौरवर्ण, अधोमुख, पाद से प्रसव, घर के पूर्व हिस्से में सूतिका-स्थान, श्वेत-स्वच्छ वस्त्र, जन्म से पहले माता ने शुष्क शाकादि भोजन किया, १।२८।३३।४४।६१ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के प्रारम्भ में महामृत्युञ्जय का जप और ब्राह्मण भोजन करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मिथुन:—माता का शिर पश्चिम में, उपसूतिका ३ या ५, माता का हरा या जीर्ण वस्त्र, शिर से प्रसव, मुख ऊपर को, जन्मते ही दीर्घ शब्द किया, नाल छुटा था, घर के आग्नेय भाग में जन्म, माता ने पहले लवणयुक्त विचित्राल्प भोजन किया, दूध कम उतरे, ४।१०।१४।३८।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के प्रारम्भ में शिवार्चन और मृत्युञ्जय का जप करवावे। यदि इन वर्षों से बचे तो ८६ वर्ष जीवे।

कर्क—माता का उत्तर में शिर, उपसूतिका ५ या ४, बालक जन्मते ही छींका, नाल छूटा, भूमि पर जन्म, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, माता के वस्त्र श्वेत व लाल, माता ने प्रसव के पहले मधुर व शीतल भोजन किया था, दीपक उठाया गया, बालक के वामांग में लहसन आदि का चिन्ह, देर से रोया, ५।२५।४०।५८।६२ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो १०० वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों में प्रवेश समय तुलादान, छाया-दान और मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जाप करवाना कल्याणप्रद है।

सिंह—माता का पश्चिम या पूर्व में शिर, मलिन सा लाल वस्त्र, शुष्क कसैला या खट्टा भोजन किया था, जन्म समय स्त्री ३, पीछे से १ आई, दीपक स्थिर रहा, बालक जन्मते ही तुरन्त रोया, घर के दक्षिण भाग में प्रसव स्थान, ५।१३।२८।३६।४८ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो ६७ वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के प्रवेश होते ही श्रीसूर्यनारायण के मन्त्र का जाप या आदित्यहृदय का पाठ और मीठा भोजन करावे तो कल्याण रहेगा।

कन्या—माता का दक्षिण में शिर, रक्त जीर्ण वस्त्र, मिष्टान्न वाली चीज या बड़े आदि का भोजन, जन्म समय स्त्री ३ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक ने जन्मते ही अर्द्ध शब्द किया। घर के नैऋत कोण में सूतिका-स्थान, ४।१६।२३।३६।५५ वर्ष कष्टकारक हैं, यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

तुला—माता का शिर पश्चिम या पूर्व को, श्वेत जीर्ण वस्त्र, भुना हुआ अन्न, ठंडा जल या कोई मामूली चीज धपूर्वक खाई थी, जन्म समय स्त्री ३ या ६, वहां एक कन्या भी हो, दीपक उठाया गया, बालक जन्म समय कुछ ठहर कर अर्द्ध शब्द करके रोया, घर के पश्चिम भाग में सूतिका-स्थान, ८।१५।३११।३५।६२।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में नवग्रह का दान, हवन, जप, करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ७५ वर्ष जीवे।

वृश्चिक—माता का दक्षिण या उत्तर में शिर, रक्त वा दग्ध वस्त्र, कष्ट अधिक, अमधुर मामूली क्रोधपूर्वक भोजन, जन्म समय स्त्री २ या ३, पीछे से भी दो आईं, दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, छींक भी किया, दीर्घकेश, घर के पश्चिम भाग में प्रसवस्थान, ११।२८।३८।५२।६२ इन कष्टकारक दीर्घ वर्षों के प्रारम्भ में मृत्युञ्जय जप और तुलादान कराना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

धनु—माता का शिर पश्चिम या पूर्व को, पीत वा रक्त वस्त्र, पक्वान्नादि भोजन, जन्म समय स्त्री १ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर तत्काल दीर्घ शब्द से रोया, और छींक भी किया, घर के वायव्यकोण में सूतिकास्थान, २।१०।१८।३१।३८।४२।६७ इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युञ्जय जप, ब्राह्मण भोजन श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८१ वर्ष जीवे।

मकर—माता का सिर दक्षिण में, ऊपर काला वा जीर्ण कमजोर वस्त्र, गुड़, दुग्ध, कसैला भोजन, ठण्डा जल पान किया था। जन्म समय स्त्रियां २, पीछे से १ आई, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया और छींक भी किया, घर के उत्तर भाग में पुराना सूतिकास्थान, ५।१३।२७।३६।५७।६३।८७ इन कष्टकारक वर्षों से बचे, तो ९५ वर्ष जीवे।

कुम्भ—माता का शिर पश्चिम को, जीर्ण धूम्रवर्ण वा कुरूप वस्त्र, मधुर शीतशाकादि कुभोजन, कष्ट अधिक, जन्म समय पास स्त्रियां ४, दो स्त्री पीछे से आईं। उनमें एक स्त्री गर्भिणी भी हो। दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया, वामांग में कोई चिन्ह भी हो, घर के उत्तर भाग में सूतिका-गृह, २।२८।३३।४८।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्यञ्जय जप हितकारक है, इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मीन—माता का शिर उत्तर में, पीत या मलिन वस्त्र, विचित्र सा अल्पभोजन, जन्म समय स्त्री २ या ५, दीपक हाथ में उठाया व जलाया गया था, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, घर के ईशान में सूतिका-स्थान, १।८।१३।३६।४८ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में ग्रह-शान्ति हवन मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जप कराना श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८३ वर्ष जीवे।

स्मरण रहे, कि—अधिकांश जिस लग्न के लक्षण मिलें—वही बालक का जन्मलग्न जानना, क्योंकि यह साधारण लग्न के फल बलाबल के कारण सभी नहीं मिल सकते।
सुता जन्मे सिंह राशि में, धन-मृग जन्मे बाल। अर्ध शब्द शिशु करत भयो भाषत बुधि रसाल।

अथादौ पितृपरोक्षज्ञानम्—(१) जन्म लग्न को चन्द्रमा न देखे, (२) बुध-शुक्र के मध्य में चन्द्रमा हो (३) लग्न से शनैश्चर चन्द्रमा से अदृष्ट हो, (४) भौम सप्तम, चन्द्रमा लग्न को न देखता हो, इन चार योगों में से एक भी योग में उत्पन्न हुए बालक का पिता के परोक्ष में जन्म कहना।
जहां राहु शैय्या तहां भंग जहां कुज होय। रवि स्थान में दीप कहि शनी लोह कहि सोय।

जन्मकुण्डली में दिशा ज्ञान—पूर्व, द्वितीय, तृतीय—ईशान। चतुर्थ—उत्तर। पञ्चम, षष्ठ—वायव्य। सप्तम—पश्चिम। अष्टम, नवम—नैऋत। दशम—दक्षिण। एकादश तथा द्वादश भाव को आग्नेय समझना।

अथ प्रसूति-स्थानात् पाकशालादि विचारः

जन्मकुण्डली में सूर्य मंगल जिस दिशा में हों, वहां अग्निस्थान (पाकगृह) जानना इसी तरह चन्द्रमा से जलस्थान, बुध से भण्डार, गुरु से धनस्थान, शुक्र से देवस्थान और

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

आषाढ़ सु. ८ | चौमासी[illegible] | ३० जून ७४ शनिवार
आषाढ़ सुदी १४ | चौमासा प्रारम्भ, चौमासी चौदस। | ३ जुलाई ७४ बुधवार
[illegible] वर्षीतप की शुरुआत ४ अप्रैल ७५ शुक्रवार

शनैश्चर की साढ़ेसाती एवं ढैया का विचार

बृहत्कल्याणी (साढ़साती) साढ़े सात वर्ष की होती है जो जन्मराशि से बारहवीं राशि में शनि के आने पर २॥ वर्ष तक सिर पर (चढ़ती), जन्मराशि में जाने पर २॥ वर्ष हृदय पर एवं जन्मराशि से दूसरी राशि में आने पर पैरों पर (उतरती) मानी जाती है।

लघुकल्याणी (ढैया) अढ़ाई वर्ष की होती है जो जन्मराशि से चौथी एवं आठवीं राशि में शनि के आने पर मानी जाती है।

जिसकी जन्मकुण्डली में शनैचर का शुभ ग्रह से सम्बन्ध हो अथवा महादशा का अन्तर शुभ चल रहा हो उसे शनि का अशुभ फल कम होता है। यदि चन्द्र-शनि जन्म में अशुभ ग्रहों से युक्त हों तो साढ़साती व ढैया महान् अशुभ, चिन्ता, धनहानि, कार्य में विघ्न, रोजगार में कमी, व्यर्थ कलह एवं रोग, पशु पीड़ा हानि आदि का कारण बनती है। शान्त्यर्थ शनिवार के दिन सतनाजा को तेल का हाथ लगाकर पक्षियों को डालना चाहिए या शनिवार को तेल में मुख देख कर उसमें मिष्ठान्न गुलगुले बनाकर गरीबों को, भैंसे या कुत्ते को देवें। महावीर जी पर सिन्दूर, तेल चढ़ाना भी कल्याणप्रद है।

जन्मकालिक स्पष्ट चन्द्र के अंशों की स्थितिवश सूक्ष्म रीत्या साढ़सती या ढैय्या का प्रवेश या समाप्ति समझें। शनि अपनी साढ़साती में किसी को लगते समय, किसी को उतरते समय, किसी को मध्य में खराब होता है। यदि जन्मपत्री में चन्द्र तथा शनि २।६।१२ वें स्थान में पड़े हों, अथवा शत्रुक्षेत्रीय अस्त तथा नीच या पाप दृष्ट या पाप ग्रह के साथ उक्त स्थानों में पड़े हों, तो साढ़साती में अनेक संकट आवेंगे। जिनके जन्म के शुभ स्थानों में सबल शनि-चन्द्र पड़े हों तो उन्हें व्यापार की धूमधाम, सम्पत्ति की भरभराहट तथा हर प्रकार की सफलता मिलेगी। **साढ़ेसाती में शनि का प्रत्येक राशि के लिए अशुभ काल इस प्रकार है—मेष** राशि वालों को बीच के ढाई वर्ष खराब, **वृषभ** राशि वालों को पहले ढाई वर्ष, **मिथुन** को अन्त के ढाई वर्ष खराब, **कर्क** को बीच के ढाई वर्ष, **सिंह** को पहले ५ वर्ष, उसमें भी मध्य के ढाई वर्ष विशेष खराब हैं। **कन्या** को पहले ५ वर्ष उसमें भी मध्य के ढाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। **तुला** को आखिर के ढाई वर्ष, **वृश्चिक** को अन्तिम ५ वर्ष नेष्ट हैं, उसमें भी बीच के ढाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। **धनु** को प्रारम्भ के ढाई वर्ष, **मकर** को पहले ५ वर्ष, उसमें भी पहले ढाई वर्ष विशेष खराब हैं। **कुम्भ** को आदि अन्त के ढाई वर्ष विशेषकर अन्त के ढाई वर्ष अधिक अशुभ हैं। **मीन** को पूरे साढ़े सात वर्ष नेष्ट हैं, उनमें भी अन्त के ढाई वर्ष विशेष अशुभ फल वाले होते हैं। **शनि** के ढाई वर्ष के भ्रमण काल के १०–१० महीने के तीन तीन हिस्से होते हैं, उनमें फलादेश में परिवर्तन आ जाता है। एक राशि के ३० अंश होते हैं और शनि एक राशि पर ३० महीना रहता है, **निष्कर्ष** यह है कि—शनि एक मास में एक अंश चलता है; इस समय में जब जब उसका राहु, मंगल या सूर्य से सम्बन्ध होता है, तब अशुभ फल करता है। शनि जिस प्रकार अशुभ योगों में अशुभ फल देता है, उसी प्रकार शुभ-योगों में शुभ फल भी करता है। इसी प्रकार वह साढ़ेसाती लग्न की तथा सूर्य की भी देखी जाती है। सूर्य की साढ़ेसाती में व्यापार खराब हो जाता है और लग्न की साढ़े साती में स्वास्थ्य खराब होता है, चिन्ताएं बढ़ती हैं।

मिथुन में शनि—वि. सं. २०३० के ज्येष्ठ शु. ९ रविवार, (१० जून सन् १९७३ ई.) को शनि देव वृष राशि को छोड़ कर कन्या-राशिस्थ चन्द्रमा के समय मिथुन-राशि में प्रविष्ट हुए और इस वि. संवत् २०३१ के बाद तक शनिदेव इसी राशि में रहेंगे। मेषादि राशि की साढ़सती एवं ढैया का शुभाशुभादि पाद विचार इस प्रकार है :—

वृष—साढ़ेसाती पैरों पर, अढ़ाई वर्ष शेष हैं, चांदी के पाए लाभप्रद, शुभ है। **मिथुन**—साढ़ेसाती छाती पर, पांच वर्ष शेष, लोहे के पाए, कष्टप्रद है। **कर्क**—साढ़ेसाती मस्तक (सिर) पर, साढ़े सात वर्ष शेष, तांबे के पाए, शुभ हैं। **वृश्चिक**—ढैया, सुवर्ण के पाए, चिन्ताकारक। **मीन**—ढैया, तांबे के पाए, शुभ है। मेष, सिंह, कन्या, तुला, धन, मकर एवं कुम्भ राशि वालों के लिए शनि की साढ़े साती एवं ढैया इस वर्ष नहीं है।

गुरु का शुभाशुभ फल :—फाल्गुन कृ. ३ शनिवार (९ फरवरी १९७४) से गुरु कुम्भ राशि में आया है और यह माघ शु. ८ बु. (१९ फर. १९७५ ई.) को मीन में प्रवेश करेगा। प्रत्येक राशि के लिए इसका शुभाशुभ फल निम्नांकित चक्रों से जानिए :—

कुम्भ-राशि के गुरु का शभाशुभ फल

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
शुभ	मध्यम	शुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	अशुभ	मध्यम	शुभ	मध्यम	अशुभ

मीन-राशि के गुरु का शुभाशुभ फल

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु.	मकर	कुम्भ	मीन
अशुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	अशुभ	मध्यम	शुभ	मध्यम

गुरु का विशेष फल :—गुरु जब तक जिस राशि को शुभ फलप्रद होते हैं, तब तक उस राशि वालों को विद्या व सन्तति की ओर से सुख, मित्र-बन्धु-मिलाप, मान वृद्धि, खुशी, धन लाभ, शुभ यात्रादि अच्छे फल प्रदान करते हैं और जिन राशि वालों को यह मध्यम होते हैं, उन्हें शुभाशुभ मिले-जुले फल प्रदान करते हैं और जिन राशि वालों को अशुभ फल-प्रद होते हैं, उन्हें धन-मान हानि, विद्या व सन्तति की ओर से चिन्ता, वृथा यात्रा, शारीरिक कष्ट, बड़ों से वैमनस्य आदि अशुभ फल होते हैं।

शान्त्यर्थ गुरुवार का व्रत, दान फल तथा चिड़ी आदि पक्षियों को हल्दी से पीले किए हुए कच्चे चावल, डालने चाहिए।

राहु का शुभाशुभ फल—वि. सं. २०३१, चैत्र शु. २ चं. (२५ मार्च १९७४) को राहु वृश्चिक में चलेगा। जिसका शभाशभ प्रत्येक राशि के लिए इस प्रकार है :—

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
अशुभ	मध्यम	शुभ	मध्यम	अशुभ	शुभ	अ[illegible]	[illegible]भ	अशुभ	शुभ	मध्यम	मध्यम

राहु का विशेष फल :—राहु जब तक जिस राशि का शुभ फलप्रद होता है, तब तक उस राशि वालों को प्रिय-मिलन, द्रव्य-लाभ, स्वास्थ्य सुख, घर में संतोष, कुटुम्ब में वृद्धि आदि शुभ फल देता है। जिन राशि वालों को मध्यम होता है, उन्हें यदा-कदा किंचित् शत्रु-भय, कुछ हानि, लाभ कम, वृथा कलह, द्रव्य चिन्तादि देता है और जिन राशि वालों को यह अशुभ होता है, उन्हें अकस्मात् हानि, चोट-रोग, भय, खर्च, अधिक, मित्र-बन्धु वियोग, गृह-कलह, अशुभ विचारों की ओर मन की दौड़, इत्यादि फल देता है।

शान्त्यर्थ प्रत्येक मास के पहिले बुधवार की रात को तेलपक्व वस्तु गरीबों को व कुत्तों को डालनी चाहिए।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

[illegible] अफ्रीका देशों में [illegible] की लहर और [illegible]। कुछ [illegible] में
[illegible] द्वारा [illegible] होगा। आगे अफ्रीकी देशों में भयानक क्रान्ति के योग हैं,
व्यापार में हानि एवं अन्य देशों से ऋण लेना पड़े।

जापान—राशि कुं. में गुरु-शनि की स्थिति तकनीकी एवं वैज्ञानिक उन्नति की सूचक है। परन्तु ग्रहस्थिति आर्थिक समस्याओं एवं अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में अधिक अच्छी पोजीशन की सूचना नहीं देती। भूकम्प व अन्य किसी प्राकृतिक प्रकोप से हानिभय है।

अन्य राष्ट्र—जर्मनी—आर्थिक व्यापार स्थिति सुदृढ़ होगी। टर्की में भूकम्प से हानिभय है। ईराक, कुवैत, सऊदी अरब आदि में शासकों के प्रति जनता का अविश्वास एवं अशान्ति का वातावरण बने।

पाठको। अतर्क्य-भविष्य देखने की क्षमता इस कलियुग में कठिन ही है। पुनरपि ज्योतिर्विज्ञान दृष्टया एवं श्री प्रभुकृपावशात् जो राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय शुभाशुभ घटनायें इस अल्प विषया मति में स्फुरित हुई हैं, उन्हें आपके समक्ष उपस्थित कर दिया है। आगे कर्तुमकर्तुमन्यथा कर्तुं समर्थ, भविष्य के निर्धारक स्वयं प्रभु ही हैं। उनकी प्रबल माया-शक्ति के सम्मुख हम जैसे अल्पज्ञों की भविष्य-लेखन में प्रवृत्ति बालचापल ही तो है;—

श्री मार्तण्ड भवन, कुराली (पंजाब)
भाद्रपद शुक्ला पञ्चमी
(स. २०३० वि.)

शुभ चिन्तक
शक्तिधर शर्मा, इन्दुशेखर शर्मा
सम्पादक।

व्याख्यान दिवाकर, विद्याभूषण, न्यायतीर्थ, न्यायमनीषी, स्नातक जैन श्रावक

पंडित हीरालाल जी दूगड़—दिल्ली

जैन पर्व विक्रम संवत् २०३१

तिथि	पर्व	तारीख	वार
चैत्र सु. १	पंजाब देशोद्धारक जैनाचार्य श्रीमद्विजयानन्द सुरि जन्म दिन; तथाउनके गुरु गणि बुद्धि विजय श्री महाराज स्वर्गवास दिन।	२४ मार्च '७४	रविवार
चैत्र सु. ६	नवपद आयंबिल ओली प्रारंभ।	२९ मार्च '७४	शुक्रवार
चैत्र सु. १३	चौबीसवें तीर्थंकर श्रमण भगवान् महावीर का जन्मकल्याणक।	५ अप्रैल '७४	शुक्रवार
चैत्र सु. १५	आयंबिल ओली समाप्त, श्री सिद्धाचल जी तीर्थ की यात्रा मेला	६ अप्रैल '७४	शनिवार
वैसाख सु. ३	अक्षय तृतीया (आखा तीज); श्री हस्तिनापुर तीर्थ पर वर्षी तप का पारणा व मेला।	२५ अप्रैल '७४	गुरुवार
जेठ सु. ८	जंगम युग प्रधान पंजाब देशोद्धारक श्रीमद्विजयानंद सुरीश्वर जी महाराज का स्वर्गवास दिन; आत्म संवत् ७९ प्रारम्भ।	२९ मई '७४	बुधवार
आषाढ़ सु. ८	चौमासी अट्ठाई प्रारंभ।	२७ जून '७४	गुरुवार
आषाढ़ सुदी १४	चौमासा प्रारंभ; चौमासी चौदस।	[illegible] जुलाई '७४	[illegible]

तिथि	पर्व	ता.	वार
प्र. भादों सु. ४	मास क्षमण का घर।	२१ अगस्त '७४	बुधवार
द्वि. भादों व. ३	पन्द्रह का घर।	४ सितम्बर '७४	मंगलवार
द्वि. भादों व. ११	पर्यूषणापर्व प्रारंभ।	१२ सितम्बर '७४	गुरुवार
द्वि. भादों व. १४	श्री कल्पसूत्र वांचन प्रारंभ।	१५ सितम्बर '७४	रविवार
द्वि. भादों व. ३०	प्रभु श्रीमहावीर स्वामीका जन्मवांचन व जन्ममहिमा	१६ सित. '७४	सोमवार
द्वि. भादों सु. २	तेलाधर, गणधरवाद वांचन।	१७ सितम्बर '७४	मंगलवार
द्वि. भादों सु. ४	पर्यूषणा पर्व समाप्त—संवत्सरी पर्व।	१९ सितम्बर '७४	गुरुवार
द्वि. भादों सु. ८	दुबली (भडारी) अष्टमी।	२३ सितम्बर '७४	सोमवार
द्वि. भादों सु. ११	सम्राट अकबर प्रतिबोधक जगद्गुरु जैनाचार्य श्री हीरविजय सूरीश्वर जी महाराज का स्वर्गवास दिन।	२७ सितबर '७४	शुक्रवार
आसोज व. १०-११	युगवीर जैनाचार्य श्री मद्विजय वल्लभ सूरीश्वर जी महाराज का स्वर्गवास दिन।	११ अक्तूबर '७४	शुक्रवार
आसोज सु. ८	श्री सिद्धचक्र आराधनार्थ आयंबिल ओली प्रारंभ	२३ अक्तू. '७४	बुधवार
आसोज सुदी १५	आयंबिल की ओली संपूर्ण।	३१ अक्तूबर '७४	गुरुवार
कार्तिक व. १४-३०	दीवाली भगवान महावीर प्रभु का निर्वाण कल्याणक।	१३ नवम्बर '७४	बुधवार
कार्तिक सु. १	प्रभु महावीर के प्रथम गणधर श्री गौतम स्वामी केवल ज्ञान दिन; वीर निर्वाण संवत् २५०१ प्रारम्भ।	१४ नवम्बर '७४	गुरुवार
कार्तिक सु. २	भाई दूज; आचार्य श्रीमद्विजयवल्लभ सुरीश्वर जी महाराज का जन्म दिन।	१५ नवम्बर '७४	शुक्रवार
कार्तिक सु. ५	श्रुत पंचमी; ज्ञान पंचमी।	१९ नवम्बर '७४	मंगलवार
कार्तिक सु. ८	चौमासी अट्ठाई प्रारंभ।	२२ नवम्बर '७४	शुक्रवार
कार्तिक सु. १४	चौमासी चौदस, (चौमासा सम्पूर्ण)।	२८ नवम्बर '७४	गुरुवार
कार्तिक सु. १५	श्री सिद्धाचल जी का मेला। श्री हस्तिनापुर जी का मेला। श्री शौरीपुर जी का मेला। महाराजा कुमारपाल प्रतिबोधक, कलिकाल सर्वज्ञ जैनाचार्य श्री हेमचन्द्र सुरीश्वर जी का जन्म दिन।	२९ नवम्बर '७४	शुक्रवार
मार्गशीर्ष सु. ११	मौन एकादशी।	२५ दिसम्बर '७४	बुधवार
पौष वदि १०	श्री पार्श्वनाथ प्रभु का जन्म कल्याणक दिन।	७ जनवरी '७५	मंगलवार
माघ व. १३	मेरु त्रयोदशी, प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव प्रभु का मोक्ष कल्याणक।	८ फरवरी '७५	शनिवार
फाल्गुण सु. ७	चौमासी अट्ठाई प्रारम्भ।	२० मार्च '७५	गुरुवार
फाल्गुण सु. १३	श्री कांगड़ा तीर्थ (हिमाचल प्रदेश) का मेला प्रारम्भ	२५ मार्च '७५	मंगलवार
फाल्गुण सु. १४	चौमासी चौदस।	२६ मार्च '७५	बुधवार
फाल्गुण सु. १५	श्री कांगड़ा तीर्थ का मेला समाप्त।	२७ मार्च '७५	गुरुवार
चैत्र व. ८	श्री केसरियानाथ (श्री ऋषभदेव) जी तीर्थ का मेला, श्री ऋषभदेव प्रभु का जन्म व दीक्षा कल्याणक, श्री वर्षीतप की शुरुआत	४ अप्रैल '७५	शुक्रवार

CC-0 In Public Domain, Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

में उन्नति होगी। ९ फरवरी १९७४ से फर. १९७५ तक स्थिति में कुछ मोड़ आएगा। आगे का समय अनुकूल रहेगा। यह वर्ष यहां के शासक-वर्ग के अनुकूल नहीं। विरोधी दल से प्रधान शासक को हानि का भय है। कोई पद रिक्त हो। सन् १९७५ में भारत के साथ सम्बन्ध अधिक सुधरने के योग हैं।

रूस

ग्रह गोचर के विचार से यह वर्ष अच्छा है। राशिकुण्डली के दशमभाव में नेपच्यून चल रहा है एवं नवम भाव में यूरेनस प्रविष्ट हो चुका है, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश के व्यापार में वृद्धि हो। वैज्ञानिक एवं तकनीकी क्षेत्र में अधिक प्रगति करेगा, मार्च १९७४ में अन्तरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में विशेष प्रगति के योग हैं। चीन-मिश्र के साथ सम्बन्ध बिगड़ते जाएंगे। भारत के साथ पूर्ण मैत्री सम्बन्ध बने रहेंगे।

चीन

राशि कुण्डली के पञ्चम भाव में गुरू, नवमस्थ शनि वैज्ञानिक उन्नति की ओर संकेत करता है। परन्तु अष्टम में केतु लग्न में यूरेनस द्वितीय भाव में नेपच्यून तथा राहु सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक स्थिरता के लिए अशुभ हैं। खाद्य एवं आर्थिक समस्या भीषण रूप धारण करेगी। राजनैतिक विचारधारा में क्रान्ति आएगी शासन सत्ता में आवश्यक परिवर्तन होंगे। प्रधान नेता के लिए समय अनुकूल नहीं। आन्तरिक क्रान्ति से वातावरण क्षुब्ध हो सकता है। भारत के साथ सम्बन्धों में सुधार के कुछ आसार बनेंगे परन्तु सफलता न मिलेगी। परमाणु परीक्षण करेगा, परन्तु एशियायी राष्ट्रों पर अपना प्रभाव स्थायी रूप में स्थापित करने में भविष्य में भी सफल न हो सकेगा। आगे ग्रहस्थिति ऐसी है, कि वि. स. २० तक इस देश को विषमतम परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा। एशियायी देशों पर इसका प्रभाव समाप्त हो जाएगा।

पाकिस्तान

१३-१४ अगस्त (१९७३ ई.) को रात्रि के ० घ. १ मि. पर पाकिस्तान गणतन्त्र के प्रधान मन्त्री श्री भुट्टो ने शपथ ग्रहण की। इस समय की कुण्डली में, त्रिकोण में नीचस्थ गुरु और लग्न पर पाप ग्रहों से कर्त्तरी-योग बन रहा है। पाक की प्रभाव राशि कुण्डली में भी छठे भाव में गुरु है, और १५ दिस.'७३ से शनि की महादशा में गुरु की अन्तर्दशा चल रही है, अतः सरकार को प्रबल शत्रुओं से हैरानी रहेगी, प्लूटो की स्थिति जनता में अशान्ति व असन्तोष की सूचक है। शपथकालीन कुण्डली के छठे भाव में केवल यूरेनस ही भुट्टो सरकार की स्थिरता की सूचक है, अन्य ग्रहस्थिति अनुकूल नहीं। सीमा प्रान्तों में आन्तरिक क्लेश बना रहेगा। बलूचिस्तान राशि कुण्डली के अनुसार चतुर्थ भाव में नेपच्यून है, यहां क्रान्ति आगे विध्वंसक रूप धारण करेगी। [illegible] लिए आगे विवश होना पड़ेगा। इससे भी सम्बन्ध कटु होंगे। जनतान्त्रिक विचारों की उपेक्षा एवं संवैधानिक अधिकारों का दमन किया जाएगा, जनतन्त्र के वेष में यहां के शासक तानाशाह की भांति व्यवहार करेंगे। यह सब कुछ आन्तरिक क्रान्ति में ईंधन का काम करेगा। अन्ततः कर्क के शनि में पाकिस्तान में जबरदस्त युद्धोन्माद बढ़ेगा। शिमला एवं ताशकन्द समझौता का स्थान गुप्त दुरभिसन्धियां ले लेंगी। इस समय खून खराबा होने के बाद पाकिस्तान का विघटन होकर पाकिस्तान का इतिहास बदल जाएगा। ठीक कर्क के शनि में ही काश्मीर समस्या का हल रक्तपात के बाद ही होगा। भारत सरकार को अभी युद्ध-परिधान उतारने की आवश्यकता नहीं। किसी देश के बल पर भारत पर कुदृष्टिपात कर सकता है—भारत सरकार को नितान्त सावधान रहना चाहिए। आगे वृश्चिक का शनि एवं मेष का मंगल सभी मुस्लिम राष्ट्रों के लिए भयावह है।

ईरान

देश पर शनि की चाल है। अपने सीमा प्रान्तीय देशों से चिन्तित रहेगा। उपमहाद्वीप में अपना प्रभुत्व स्थापित करने के हर संभव यत्न होंगे, अन्दरूनी एवं समीपवर्ती देशस्थ समस्याओं को संगीन के बल पर हल करने का प्रयत्न होगा। ग्रहगति के अनुसार आगे यहां भी क्रान्ति ज्वाला भड़केगी। स्थिति पर स्थायी रूप से कन्ट्रोल न होगा। यहां भी सेना द्वारा शासक को हानि संभव है। अफगानिस्तान से अन्दरूनी तनाव बढ़ेगा। तेल का व्यापार सर्वाधिक होगा।

अफगानिस्तान

ग्रहस्थिति के आधार पर आर्थिक योजनाएं बनेंगी। भारत, रूस, ईराक के साथ व्यापारिक सम्बन्ध बढ़ेंगे। आगे की ग्रहगति के अनुसार यहां पर शासनसत्ता में फिर से परिवर्तन आकर तानाशाह राष्ट्रों की सी स्थिति बन सकती है।

बंगला देश

ग्रहगोचर के अनसार आगामी वर्ष अच्छा है। देश का व्यापार बढ़ेगा। सम्मान प्राप्त होगा। भारत-विरोधी भावना पनपेगी परन्तु शासकों का भारत से सद्भाव रहेगा। भारत, रूस, मलेशिया आदि देशों के साथ व्यापारिक सम्बन्ध दृढ़ होंगे। स्वास्थ्य की दृष्टि से मुजीब को कुछ समय अनुकूल नहीं। बंगला गणराज्य की राशि कुण्डली में छठे गुरु विरोधी तत्वों की सक्रियता से परेशानी की सूचना देता है।

अरब गणराज्य—ग्रह गति के अनुसार यहां की आन्तरिक स्थिति बिगड़ेगी। गणराज्यों में आपसी मतभेद पैदा होंगे जिससे देश को विशेष विषम परिस्थिति में से गुजरना पड़ेगा। जापान से सम्बन्ध अस्वस्थ रहेंगे। अरब एवं इजराइल में आगे फिर से नया [illegible] उठानी पड़ेगी।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

हा है अतः बहुत स्थानों पर वर्षा की कमी रहे । अक्तू. के उत्तरार्द्ध में भी बु. शु. सू. के एक राशिस्थ होने से अनेकत्र सूखा रहेगा । १६ अक्तू. को आसाम, मद्रास, गुजरात आदि में वर्षा हो । २१ से २३ दिस. तक मीनस्थ चन्द्र शुक्र से चतुर्थ है, पंजाब, हिमाचल, हरियाणा उ.प्र. आदि में अनेकत्र अच्छी वर्षा हो । २४–२५ एवं २८–२९ दिस. को साधारण वर्षा एवं ३०, ३१ दिस. को वायुवेग एवं मेघगर्जना के साथ अच्छी वर्षा हो । पौष एवं माघ में खप्परयोग है, अतः कहीं वर्षा आदि से प्राणियों को हानि हो, शीत लहर से भी हानि होगी । ३–४ जन. (१९७५ ई.) को पुनः साधारण वर्षा के योग हैं । २४–२५ जन. को भी कहीं खण्डवृष्टि एवं कहीं छींटाछांटी रहे ।

वायुस्तंभ विचार से समयानुकूल पवनों के न चलने से वर्षा सुचारु रूप से न होगी । कहीं वायु प्रकोप एवं ओलावृष्टि से वृक्षफलादि को हानि पहुंचे, समुद्रतटवर्ती प्रदेशों में ज्वार-भाटा से जन-धन की हानि के समाचार मिलेंगे । संवत्सर नाम फल एवं अन्य कुछ योगों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि इस वर्ष भारत के कुछ क्षेत्रोंमें अकालिक वर्षा व अवर्षण से काल की स्थिति बनेगी एवं कुछ स्थानों पर वर्षा से हानि भी होगी ।

पंजाब—ग्रह स्थिति के अनुसार यहां मन्त्रि मण्डल में स्थिरता रहेगी । विरोधी पक्ष के प्रयत्न से सरकार के प्रति जनता में अविश्वास पैदा होने पर भी सरकार को स्थिति-नियन्त्रण में सफलता मिलेगी । कृषक वर्ग में कुछ असन्तोष रहेगा । आर्थिक स्थिति सन्तोष-जनक न रहेगी । दलितवर्ग एवं निर्धनों की दशा सुधारने के प्रयत्न होंगे, जिससे यहां की सरकार और दृढ़ हो सकेगी ।

हरियाणा—मुख्य मन्त्री के लिए ग्रह स्थिति विशेष अनुकूल नहीं । यहां मन्त्रिमंडल के प्रति जनता में अविश्वास एवं असन्तोष दिखाई देगा । आर्थिक सामाजिक उन्नति होगी ।

हिमाचल प्रदेश—इस प्रान्त की प्रभाव राशि से सप्तम प्लूटो, अष्टम यूरेनस, शुभ नहीं । एकादश भाव में गुरु है । जनता में खाद्य, अर्थ समस्या से परेशानी रहेगी, सरकार के प्रति जनता में असन्तोष अविश्वास दिखाई देगा । कहीं कार्यविधि में गतिरोध होगा । फरवरी १९७५ को मीन में गुरु के आने पर यहां की समस्याओं के सुलझने के आसार बनेंगे । समाज कल्याणार्थ परिवहन, संचार, सिंचाई, बिजली, कृषि उत्पादन, खान उद्योग एवं अन्य सामुदायिक विकास के लिए योजनाएं बनेंगी ।

उत्तरप्रदेश—आगे स्थिर प्रान्तीय शासन की स्थापना के योग हैं । प्रान्त के कुछ भाग में दुर्भिक्ष की स्थिति से अशांति रहेगी । प्रान्त के पश्चिमोत्तरीय भाग में आग कोई राजनैतिक समस्या जोर पकड़ सकती है ।

राजस्थान—गोचर ग्रह के विचार से प्लूटो एवं नेपच्यून की स्थिति शासन-सत्ता की स्थिरता के लिए अच्छी है । परन्तु १९ फरवरी १९७५ ई. तक गुरु के अष्टमस्थ एवं शनि के द्वादशस्थ होने से कोई समस्या खड़ी हो । सीमाप्रान्तों पर सैनिक हलचल से अशान्ति संभव है । विरोधी पार्टियां सिर उठायेंगी । बाजरे की फसल अच्छी होने से जनता में सन्तोष रहे । १९ फरवरी के बाद परिस्थिति अनुकूल हो ।

बिहार—ग्रह स्थिति प्रान्तीय सरकार के अनुकूल नहीं रहेगी । कुछ देशविरोधी तत्त्व उभरेंगे ।

बंगाल—प्रभाव राशि कुं. में श. गु. एवं यूरेनस शुभ हैं । वैज्ञानिक तकनीकि उन्नति होगी, आर्थिक स्थिति कुछ सुधरेगी । अष्टमस्थ प्लूटो है, विरोधी दल सक्रिय रहेगा, तोड़-फोड़ की घटनाएं होंगी ।

उड़ीसा—समुद्री तुफान से हानिभय है ।

मद्रास-तामिलनाडु—मन्त्रिमंडल स्थिर रहे, खाद्य-आर्थिक संकट बनें ।

मैसूर—विरोधी पार्टियों की सक्रियता के बावजूद मन्त्रिमण्डल स्थिर रहे ।

गुजरात—खाद्य एवं आर्थिक समस्या उलझे ।

मध्य प्रदेश—राशि कुण्डली के ठे भाव में यूरेनस आ चुका है, सरकार स्थिर रहेगी, कृषि विकासार्थ अधिक व्यय होगा ।

काश्मीर—यहां की जनता में भारत-विरोधी तत्त्व पनपेंगे । विदेशी गुप्तचर कहीं हानि कर सकते हैं । सैनिक हलचल होगी । सीमान्त भाग से सावधान रहना परमावश्यक है । हिमपात अधिक होगा । कहीं बर्फानी तूफान से हानिभय है ।

विश्व के प्रमुख राष्ट्र

ब्रिटेन

ग्रह गति के अनुसार इस देश के प्रधान को देश के अन्तर्गत देश-विरोधी तत्त्वों से परेशानी का सामना करना पड़ेगा । आर्थिक-समस्या बनेगी, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में स्थिति कमजोर हो जाएगी । परन्तु शनि एवं गुरु की स्थिति तकनीकी एवं वैज्ञानिक उन्नति की सूचक है । आयरलैण्ड की राशि कुण्डली में ग्रहस्थिति अनुकूल है । कुम्भस्थ गुरु, छठे भाव में यूरेनस और प्लूटो नेपच्यून की स्थिति सूचित करती है कि संयुक्त-आयरिश रिपब्लिक बनने के लिए प्रयत्न तीव्र होंगे, तथा ब्रिटन का रुख सख्त होता जाएगा । मीनस्थ गुरु में संयुक्त आयरिश गणराज्य बनने के योग हैं । ईरान-पाक एवं सऊदी अरब आदि के साथ सम्बन्ध दृढ़ रहेंगे ।

अमेरिका

देश पर चल रही साढ़ेसाती एवं राशि कुण्डली के चतुर्थ भाव में प्लूटो, पंचम में यूरेनस एवं षष्ठ में नेपच्यून होने से देश की आन्तरिक स्थिति विषम बनेगी । अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक-व्यापारिक स्थिति अपेक्षाकृत कमजोर होगी । जनता में शासक के प्रति असन्तोष रहे एवं उपद्रव भी होंगे । अन्तरिक्ष विज्ञान, जीव विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

दोनों मंगलवारी है जो कि एक प्रकार का खर्पर योग बनाते हैं, हाड़ी की खड़ी फसल का | जन. (सन् १९७५ ई.)

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

गुड़ के लिए तेजी मन्दी के योग—(१) ४ जून को खण्डग्रास चन्द्रग्रहण के विचार से ज्येष्ठ के उत्तरार्द्ध में गुड़ में मन्दी आए। वर्षेश सूर्य होने से आषाढ़ में गुड़ में साधारण तेजी आए। (२) ६ से २५ दिस. तक मंगल-राहु दोनों एक साथ अनुराधा में रहेंगे एवं आश्लेषा का वेध करेंगे अतः गुड़ में प्रायः वर्षान्त तक विशेषकर इन दिनों तेजी रहेगी।

घी में तेजी मन्दी के योग–(१) इस वर्ष वृष-संक्रान्ति एवं धनु-संक्रान्ति मंगलवारी है, ज्येष्ठ और पौष में घी तेज हो। कार्तिक कृष्ण पक्ष में भी घी में तेजी का वातावरण रहेगा।

तिल-तेल-सरसों में तेजी मन्दी के योग—(१) वर्षारम्भ से मई के दूसरे सप्ताह तक शतभिषास्थ गुरु स्वाती को विद्ध करता है, अतः इन दिनों सरसों में मन्दी हो। (२) ४ जून '७४ को अनुराधा में चन्द्रग्रहण हो रहा है, अतः इन दिनों तिल, तेल तेज हों (३) धनु-संक्रान्ति (१५ दिसंबर) के बाद तिल तेल में तेजी का रुख रहेगा, स्टाकिस्ट माल फरोख्त करके लाभ ले लें। १३ जन. (सन् १९७५ ई.) से लगभग २० फरवरी तक मं. श. का पूर्ण दृष्टि सम्बन्ध है, अतः इन दिनों सरसों, अलसी आदि में तेजी आए। इसके बाद मीन के बृहस्पति में पहले ६ मास तक तिल तेल के भाव गिरते रहें।

रुई में तेजी मन्दी के योग—गोचर गुरु के विचार से ज्ञात होता है कि अगस्त '७४ तक रुई में प्राय: मन्दा ही रहेगा। अगस्त के तीसरे सप्ताह में कुछ तेजी आएगी। मीन के गुरु में ६ मास (अगस्त) तक रुई में प्रायः तेजी का रुख रहेगा। बाजार का रुख देखकर लाभ ले सकते हैं।

सोना चांदी में तेजी मन्दी के योग–(१) ज्येष्ठ पौष और माघ में खर्पर योग बनते हैं, अतः इन दिनों चांदी में तेजी आए। शनि मिथुनस्थ है अतः सोने में उतार-चढ़ाव के बाद कुछ मन्दी ही रहेगी। १७ जून से १७ जुलाई तक के समय को छोड़ कर १२ फरवरी (१९७५ ई.) तक अधिकतर सोने में तेजी के ही योग हैं। १ दिसं. से १२ जन. '७५ तक मं. राहु वृश्चिकस्थ हैं जो कि सोने में तेजी का ही रुख बनाते हैं।

इस वर्ष अन्नस्तम्भ के विचार से ज्ञात होता है कि खाद्यसमस्या अनेक प्रान्तों में भयंकर बनेगी, खाद्य व्यापार पर सरकार को नियन्त्रण दृढ़ करना होगा। किसी प्राकृतिक प्रकोप से कृषक कृषि का पूर्ण लाभ न उठा सकेंगे, चोरबाजारी बढ़ेगी।

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की दृष्टि से विश्व के विभिन्न देशों से भारत के व्यावसायिक सम्बन्ध सुदृढ़ होंगे। रूस, प. जर्मनी, सूडान एवं अफगानिस्तान, पूर्वी यूरोप एवं अफ्रीकी देशों के साथ व्यापारिक सम्बन्ध बढ़ेंगे। कुछ देशों के साथ व्यापारिक वस्तुओं का विनिमय होगा। आर्थिक सहायता की दृष्टि से अधिकांशतया अमेरिका, रूस, प. जर्मनी, जापान से होने के योग हैं। ब्रिटेन के साथ व्यापार में कमी होने के योग हैं। आस्ट्रेलिया के साथ ... [illegible] उद्योगों से लाभान्वित हो सकेगा। तकनीकी दृष्टि से भारत का व्यापार ऊंचा उठेगा।

भारत का वायुमण्डल व वर्षा

आर्द्रा प्रवेश कुण्डली के अनुसार एवं बृहस्पति के कुम्भ-राशिस्थ होने से इस वर्ष वर्षा अधिक संभावित नहीं है। शुक्र के मेघेश होने से साधारणतया मध्यम वर्षा होगी। वर्षस्तम्भों में से जलस्तम्भ के ४३ प्रतिशत होने से मध्यम वर्षा का ही ज्ञान होता है। इस वर्ष गुरु शतभिषा, पू. भा., उ. भा. नक्षत्रों में ही रहेगा, इस योग से भी प्रायः वर्षा कम, कहीं वर्षा का अभाव ही होगा,–

> वारुणे गुरु-संगमे बहुसस्या च मेदिनी।
> पूर्वोत्तराभाद्रपदयोरनावृष्टिभयादिकम् ॥"

१९–२० जून को पञ्चग्रही योग में कहीं वर्षा हो। २२–२३ जून को जलराशि कुम्भ में गुरु एवं कर्क में चंद्र है। इन दिनों वृष लग्न में स्वगृही शुक्र तथा २४, २५ जून को शुक्र से चतुर्थ चन्द्र गुरु से पूर्ण दृष्ट है, अतः इन दिनों बम्बई-गोआ, उ.प्र., हिमाचल, पंजाब एवं हरियाणा में भी अच्छी वर्षा हो। २६–२७ जून को साधारण वर्षा हो। ३० जून एवं १, २ जुलाई को शुक्र से पञ्चम चन्द्र गुरु से पूर्ण दृष्ट है, अतः कहीं खण्डवृष्टि हो एवं बादलचाल रहे। परन्तु इन दिनों सूर्य के दोनों ओर ग्रह हैं अतः कहीं वर्षा के अधिक होने से हानि का भय है;—

> "यदा भवन्ति सूर्यस्य ग्रहाः पृष्ठावलम्बिनः।
> पुरतश्च यदा यान्ति तदात्वेकार्णवा मही ॥"

५ से १२ जुलाई तक पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, उ. प्र., म.प्र., बम्बई, दिल्ली आदि में अनेकत्र अच्छी वर्षा के योग हैं। आगे वर्षा के दिनों में स्वगृही ग्रह नहीं हैं परन्तु गुरु के जलराशि में होने से आगे साधारण वर्षा होगी।

१५ जुलाई को बुध-शुक्र एकराशिस्थ हैं, पंजाब, हिमाचल, यू. पी., म.प्र. आदि में वर्षा हो।

> "समागमे सित-बुधयोः तथैव गुरुशुक्रयोः।
> तथैव जीव-बुधयोः वृष्टिस्यान्नात्र संशयः ॥"

परन्तु इन दिनों मंगल सूर्य से आगे है अतः कई भागों में वर्षा का अवरोध भी रहेगा। इन दिनों में कई स्थानों पर गर्मी से लू चलने से एवं रोगादि से हानि संभव है। २८ से २७ जुलाई तक भी पंजाब, हरियाणा, उ.प्र., म.प्र., हि.प्र. आदि में अच्छी वर्षा के योग ... स्थानों पर खण्डवृष्टि हो, इन दिनों मंगल सूर्य से आगे ...

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

से १३ मार्च तक गुरु अतिचारी एवं शनि वक्री हैं—"अतिचार गते जीवे भौमे मन्दे वा
वक्रिणि । हा हा भूतं जगत्सर्वं विजेषा[illegible] ॥" मद्रास, बम्बई, केरल, आन्ध्र प्रदेश
आदिमें कोई राजनैतिक समस्या उलझेगी, किसी प्रदेश के विभाजन का प्रश्न भी उठ सकता
है। दक्षिण में कहीं आन्तरिक अशान्ति एवं मन्त्रिमण्डलों में तनाव की स्थिति रहे। १७–१८
फर्वरी को मध्यरात्रि को १ बजकर ३० मिनट पर गुरु-शुक्र की युति होगी। यह किरण-
मर्द युति होगी, इस गु. शु. युद्ध में शक्र गुरु से दक्षिण की ओर है; अतः शुक्र पराजित है।

"शुक्रे बृहस्पतिजिते यायी श्रष्ठो विनाशमुपयाति ।
ब्रह्मक्षत्र विरोधः सलिलं च वासवस्त्यजति ॥
कोशल-कलिंग-बङ्गाः वत्साः मत्स्याश्च मध्यदेशयुताः ।
महतीं ब्रजन्ति पीड़ां नपुंसक-सूरसेनाश्च ॥
(बृहत्संहिता)

शासक वर्ग में किसी उच्च प्रतिष्ठित व्यक्ति का पदरियत होना सम्भव है। नीच वर्ग
के व्यक्ति कहीं उच्च वर्ग के व्यक्तियों का विरोध करेंगे, कहीं वर्षा के अभाव से कृषकों की
दशा चिन्तनीय होगी। कोशल-कलिंग-वंग, वत्स, मत्स्य एवं मध्यप्रदेशस्थ व्यक्तियों को विषम
परिस्थिति में रहना होगा। कहीं प्रान्तीय मन्त्रिमंडल में परिवर्तन के आसार बनेंगे। १८
मार्च (१९७५ ई.) के लगभग मंगल-शनि का पूर्ण षडष्टक शुभ नहीं। यान दुर्घटना व
प्राकृतिक प्रकोप से हानि संभव है। विरोधी देशों की गतिविधि का भी ध्यान रखना श्रेयस्कर
रहेगा। ९ से ११ अप्रै. (१९७५ ई.) तक सू. चं. गु. मीनस्थ होंगे जो कि उत्तर में अशान्ति
के परिचायक हैं। निजलिंगप्पा कांग्रेस का इण्डिकेट में विलय का वातावरण बनेगा।
श्रीमती इन्दिरा गांधी की यथालब्ध कुण्डली के अनुसार वर्तमान समय में सप्तमेश
तथा अष्टमेश शनि की महादशा में बुध की अन्तर्दशा ३ मई १९७३ से चल रही है, जो कि
लगभग १२ जन. १९७६ तक चलेगी। यह समय अनुकूल नहीं। देश की गम्भीर समस्याओं
में उलझे रहना पड़ेगा। स्वास्थ्य लाभार्थ बीच में विश्राम करना पड़ेगा। विशेषतया १९७५
ई. के अन्तिम कुछ मासों में तथा जन. १९७६ में शनि की प्रत्यन्तर्दशा अनुकूल नहीं है। जनता
का विश्वास प्राप्त करने में प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अन्ततः सफलता
मिलेगी। देश-द्रोही व्यक्तियों की गतिविधियों से सावधान रहें।

भारत का वाणिज्य व्यवसाय—इस वर्ष बार्हस्पत्यमान से प्रभव नामक संवत्सर
है, १३ अप्रै. (१९७४ ई.) से ३ मई तक सूर्य आगे शु. पीछे एवं बुध मध्य में है, अतः इन
दिनों अनाज महंगा हो,—"**अग्र याति दिवानाथः पृष्ठे च भृगुनन्दनः । मध्य सोमसुतो याति
भवत्यन्न महर्घता**" वैशाख में धान्य, गेहूं, मूंग आदि महंगे हों। ९ अप्रै. से २८मई तक मिथुन
में क्रूर ग्रह शनियुत मंगल रुई, अलसी, अफीम, गुड़, खाण्ड, शक्कर, मजीठ, कुसुम्भ एवं लाल
रंग की वस्तुओं में तेजी लाएगा। लेकिन २९ मई को मंगल के कर्क में आने पर रुई अलसी
सरसों में मन्दी एवं पशुओं के भाव उठेंगे। १४ मई की वृष संक्रान्ति एवं ज्ये. कृ. अमावस,
दोनोंमंगलवारी है,जो कि एक प्रकार का खप्पर योग बनाते हैं, हाड़ी की खड़ी फसल को
हानि पहुंचे, अतः ज्येष्ठ में भी अनाज तेज ही रहेगा। २३ मई से १९ जून तक शनि आर्द्रा के
दूसरे चरण में रहेगा, मूंग, मोठ, जौ, कपास तेज होंगे। मई के तीसरे सप्ताह में शनि-मंगल
युति इन वस्तुओं में विशेष तेजी करेगी। आगे शुभ ग्रहों के योग से लाईन बदलने के योग हैं।
जून में नमक में तेजी आएगी। १७ जुलाई को मंगल सिंह में आकर चांदी, सोना, तांबा, शस्त्र,
मूंग, मोठ एवं उड़द में तेजी लाएगा। अक्तूबर के तीसरे-चौथे सप्ताह में बु. शु. सू. एक राशिस्थ
हैं, सब प्रकार के धान्य महंगे होंगे;—

"एक राशिस्थिताह्यते सौम्यशुक्रदिनाधिपाः ॥
सर्वधान्यमहर्घत्वं मेघाः स्वल्पजलप्रदाः ॥"

१ से १३ नव तक त्रयोदश दिनात्मक पक्ष होने से एवं सूर्य, शुक्र मंगल आदि के एक
राशिस्थ होने से घी, तेल, मसूर, एवं अनाज में तेजी आएगी;—"**रवि भार्गव भौमाश्चेत्
राशिमेकं समाश्रिताः । घृत तैल मसूरान्नं महर्घं चाति महाभयम् ॥**" वर्षान्त तक राहु वृश्चि-
कस्थ रहेगा, नवं. के तीसरे सप्ताह से दिस. के पहले सप्ताह तक मं. बुध-शुक्र भी वृश्चिकस्थ
ही होंगे, साथ ही मूलिद्वार नक्षत्र में शुक्र का पश्चिम में उदय भी हो रहा है, इन दिनों घी
और कपड़े के व्यापारियों को भविष्य में लाभ रहेगा;—

"वृश्चिकस्थो यदा राहुः दैवाद् भौमज्ञ संगमः ।
तदा ज्ञात्वा च कर्त्तव्यः संग्रहो घृतवाससाम् ॥

इस वर्ष ज्येष्ठ मास के अतिरिक्त पौष और माघ मासों में भी खप्पर योग बनते हैं,
अतः अनाज में इन दिनों महगाई ही रहेगी। ९ से ११ अप्रैल (१९७५ ई.) तक सूर्य, चन्द्र,
गुरु मीनस्थ हैं, जौ, अनाज, मूंग, मोठ आदि एवं वस्त्रों के स्टाक से आगे सातवें मास अच्छा
लाभ प्राप्त हो सकता है;—

"यवान्न मुद्गवस्त्राणां संग्रहे च कृते सति ।
मासे सप्तमके चैव लाभो भवति पुष्कलः ॥"

सुविधा के लिए कुछ तेजी मन्दी के योग अलग से नीचे लिखे जाते हैं, परन्तु इन
योगों के आधार पर कार्य करने से पूर्व अच्छे दैवज्ञ से परामर्श लेना आवश्यक है, परामर्श
अधिक लाभप्रद सिद्ध हो सकता है।

गेहूं जौ, चना आदि के लिए तेजी मन्दी के योग— (१) ३० मार्च से २८ अप्रै.
(१९७४ ई.) तक गु. शु. दोनों कुम्भ राशिस्थ होंगे। १३ अप्रै. से ३ मई तक सूर्य-शुक्र के
मध्य बुध है, अतः इन दिनों गेहूं आदि अनाज महंगे होंगे। (२) जुलाई के तीसरे या चौथे
सप्ताह में म. गु. चं. श. की स्थिति-गति आदि के विचार से गेहूं में मन्दे की संभावना है।
१३ अक्तू. से १४ नवं. तक कुछ मन्दे के बाद पुनः भाव उठते जाएंगे। तत्पश्चात् २० से २५
जन. (सन् १९७५ ई.) तक गेहूं जौ, चना आदि अनाज तेज होंगे।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

"अतिचार यदा ... ॥"
तदा नन्दन्ति राजानः ...

... अरब, कुवैत, इराक, जॉर्डन
आचार्य जी अपने चारों सुपुत्रों को प्रकाण्ड पंडित और ज्योतिष शास्त्र में पूर्ण पारंगत बना गये हैं। हमें पूर्ण विश्वास होता है कि वे अपने पूज्य पिताश्री की कीर्ति व प्रतिष्ठा में चार चांद लगाने में कोई कसर नहीं रखेंगे। आचार्य जी द्वारा प्रस्थापित मार्त्तण्ड पंचांग तथा जन्त्रियां हिन्दी, उर्दू तथा पंजाबी भाषी जन साधारण की सेवा विगत ६० वर्षों से करती आ रही है। उनके द्वारा लिखित संस्कृत तथा हिन्दी भाषा में ज्योतिष गणित, फलित, मेदिनी संहिता, कर्मकाण्ड आदि विषयों के कतिपय ग्रन्थ ज्योतिष प्रेमियों की सेवा करते रहेंगे।

पाश्चात्य तथा विदेशी प्रभाव से जब ज्योतिष शास्त्र का प्रभाव उत्तर भारत की जनता पर कम होता जा रहा था, ऐसे समय में अपनी प्राचीन विद्या पर विश्वास दृढ़ कराने के लिये दैवज्ञ रत्न श्री मुकुन्दवल्लभ जी ने जन्म ग्रहण किया। इस विद्या की ओर श्रद्धा तथा विश्वास को सुदृढ़ करने में अपने ८८ वर्ष की जीवन अवधि का अधिकांश भाग व्यतीत कर दिया। उन्होंने पंचांग विद्या में नई मान्यतायें जोड़ीं तथा कई पुरानी विलुप्त मान्यताओं को पुनर्स्थापित किया।

उनके चारों सुपुत्र सर्वश्री सत्यव्रत जी, प्रियव्रत जी, डा. शक्तिधर जी तथा इन्दुशेखर जी उच्च उपाधियां प्राप्त प्रकाण्ड पण्डित तथा ज्योतिष शास्त्र व साहित्य के प्रतिष्ठित विद्वान् हैं। अपने वंश की परम्परा को आगे बढ़ायेंगे। आचार्य जी के वरिष्ठ शिष्य पं. हरदेव शर्मा त्रिवेदी जी तो विश्वविजय पंचांग तथा ज्योतिष्मती द्वारा गुरु परम्परा का पालन कर ही रहे हैं।

भारत सरकार का जो पंचांग सम्बन्धी विभाग, वर्ष के अवकाशों (छुट्टियों) का निर्णय लेता है, उसकी सलाहकार समिति में श्री मार्त्तण्ड पंचांग का प्रतिनिधि भी सदस्य के रूप में रखा जाता है। इससे ज्ञात होता है कि सरकार में मार्त्तण्ड पंचांग को उसके प्रवर्तक आचार्य जी की विद्वत्ता के फलस्वरूप कितनी साख है।

हमारे ऊपर आचार्य जी की कृपा व स्नेह बहुत समय पहले से रहा। सन् १९३२ से सन् १९४४ तक आचार्य जी द्वारा प्रवर्तित मेहर आलम जन्त्री का प्रकाशन हमारे द्वारा हुआ। तदुपरान्त १९८४ से हम श्री मार्त्तण्ड पंचांग तथा जन्त्री का फिर से प्रकाशन कर रहे हैं। इन प्रकाशनों को उत्तरोत्तर सुन्दर व उपयोगी बनाने की हमारी सतत् चेष्टा है। इस वर्ष के प्रकाशन को देखकर उनकी आत्मा को सन्तोष होगा, हमारा विश्वास है कि स्वर्ग से वे हमें स्नेहयुक्त आशीर्वाद प्रदान करेंगे। हम ऐसी दिवंगत महान आत्मा को अपने श्रद्धासुमन समर्पित करते हैं।

धर्मसंस प्रकाशन परिवार
सुदर्शन पब्लिकेशन परिवार
नई सड़क, दिल्ली-६

भारतीय ज्योतिष जगत् के ध्रुव पं. मुकुन्दवल्लभ मिश्र

परम श्रद्धेय स्व. पंडित मुकुन्दवल्लभ जी मिश्र से मैं अपने बाल्यकाल से ही परिचित रहा हूं। वे मेरे पितामह भारतीय ज्योतिष पंचांग के दृग्गणित के प्रवर्तक आचार्य पं. सुखनन्दन मिश्र के पट्टशिष्य दृग्गणिताचार्य आदरणीय सदाशिव आप्टे के प्रमुख शिष्य और मेरे पिता श्री पं. मुन्नालाल मिश्र जोकि लाहौर के सुप्रसिद्ध हिन्दी, संस्कृत और ज्योतिष साहित्य के प्रमुख प्रकाशक मोतीलाल बनारसीदास के यहां प्रधान सम्पादक थे के अभिन्न बालसखा और गुरुभाई थे। पंडित जी के स्वर्गवास का समाचार मुझे वाराणसी में मिला तो उसे सुनकर चिन्ताहरण के सम्पादक ने कहा था कि भारतीय ज्योतिष नक्षत्राकाश का ध्रुव अस्त हो गया। जिसने भारतीय ज्योतिष जगत में न केवल मार्गदर्शन, दिशा निर्देश ही किया बल्कि ऐसे दुर्लभ सिद्धान्तों का प्रतिपादन भी किया जो कि विलुप्त प्राय ही थे। प्राचीन सिद्धान्तों की तार्किक-व्याख्या मैंने कई बार पंडित जी के सान्निध्य में बैठ कर सुनी है। १९६२ के दशहरा, दिवाली तिथि विवाद में उनके तर्कों की काट, जो मैंने कई विद्वानों को बताई थी, कहीं न थी। भारतीय पंचांग के अशुद्ध गणित रूप और सिद्धान्तों को वैज्ञानिक रूप में प्रस्तुत करने और विज्ञान की कसौटी पर खरा प्रमाणित करने का समस्त श्रेय उत्तर भारत में केवल मात्र स्व. पंडित जी को ही है।

सन् १९२५ और १९३३ में अपनी दृग्गणित गणना द्वारा पुराने सिद्धान्तों और सूत्रों के प्रति मोह त्यागने का जो कार्य निस्वार्थ भाव से उन्होंने किया और अपनी निष्ठा व कर्मठता से दृग्गणित को जो मान्यता दिलाई वह बहुत ही कम देखने को मिलती है। उन्होंने प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं; कहावत को ५२ तोले पाव रत्ती सही कर दिखाया। भगवान् विश्वनाथ की नगरी काशी जोकि ज्योतिष का प्रमाणिक केन्द्र है के विद्वानों ने भी कई बार कई विवादास्पद विषयों पर पंडित जी की उक्तियों और सूत्र सिद्धान्तों को न केवल स्वीकारा ही बल्कि उन्हें ही प्रामाणिक भी माना। उन्होंने विलुप्त शास्त्रीय सिद्धान्तों की वैधता सिद्ध कर उन्हें फिर से पुनर्स्थापित कर ज्योतिष जगत् में मान्यता दिलाई और नये सूत्र व मान्यतायें प्रतिस्थापित कीं।

राश्यभिधान कल्पलता (बालक के नामकरण के निमित्त नामावलि) जैसा अनुपम ग्रन्थ लिख कर उन्होंने प्रमाणित कर दिया कि भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है। उनके जैसा निष्ठावान विद्वान् ज्योतिष ज्ञान का प्रचारक-प्रसारक निस्वार्थ सेवी भविष्य में ... जन्म लेगा? सम्भवतः इस सृष्टि के ब्रह्मा ही बता सकने में समर्थ होंगे।

उन्होंने अपना जो कार्य-भार मार्त्तण्ड पंचांग के वर्तमान सम्पादकों, अपने ... छोड़ा है वे सभी उसे उसी निष्ठा और कर्त्तव्य पालन की दृष्टि से कर सकने में ... और जगत् पिता परमेश्वर उन्हें सक्षम बनायें कि वे स्व. पंडित जी की कीर्ति ... केवल भारत में बल्कि विश्व में फहरा दें। इसी कामना के साथ मैं ... पं. मुकुन्दवल्लभ मिश्र जी को अपनी यह शब्दांजलि पुष्पांजलि के रूप में अर्पित ...

—जगदीश ...

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

...[illegible] की, जो राम धाम भी शान्ति [illegible] किसी
...मिक, राजनैतिक और मदिनीय भविष्यवाणियाँ ...[illegible] कट्टर आलोचक भी अवाक् रह
विचलन के ठीक मुहूर्त पर ...[illegible] जिससे फलित ज्योतिष के कट्टर आलोचक भी अवाक् रह
गये । [illegible] के ऐतिहासिक भूकम्प की यथार्थ तिथि और काल तथा कुआनिन की पदच्युति
आदि उनकी [illegible] धार्मिक और राजनैतिक भविष्यवाणियाँ 'श्री मार्त्तण्ड पंचांग' में
छप चुकी हैं । जिनकी सत्यता [illegible] आकस्मिक संयोग को कारण बतलाने का साहस कोई
तार्किक तो नहीं कर सकता । उनकी भविष्यवाणियों की आश्चर्यजनक यथार्थता के कारण
समाज उन्हें एक भविष्य द्रष्टा सिद्ध के रूप में मानता था । उनकी इस दिव्य भविष्य दृष्टि
की ख्याति से आकृष्ट होकर इतने लोग प्रतिदिन उनके पास आते थे कि उन्हें अपनी ८६
वर्ष की आयु के अन्तिम लगभग ६० वर्षों में एक दिन भी अवकाश पर रहने का अवसर नहीं
मिला । अनेक प्रकार के आधिदैविक, आधिभौतिक दुःखों से सन्त्रस्त लोगों की, जो अपनी
समस्याओं के समाधानार्थ उनके पास प्रतिदिन दूर-दूर से आया करते थे, अपने प्रति अगाध
श्रद्धा को देखकर पण्डित जी अक्सर कहा करते थे—"इन विनीत श्रद्धालुओं को दुःखों से
पूरी तरह कैसे मुक्त करूं, यह मेरी हार्दिक समस्या है ।" उन्होंने अपने वैदुष्य और व्यापक
प्रतिष्ठा को अर्थार्जन का साधन कभी नहीं बनाया । अर्थ को वे एक महत्त्वहीन अपरिहार्य
आवश्यकता समझते थे ।

इस प्रकार की भविष्य कथन की लोकेतर आश्चर्यकारी शक्ति का रहस्य पण्डित जी का अगाध शास्त्र परिशीलन सुदीर्घ अनुभव और साधना बल ही था । जिसे ज्योतिषी लोग परमगोपनीय समझ कर अपने पास ही सुरक्षित रखते हैं और विरले व्यक्ति को ही इस रहस्य की दीक्षा का अधिकारी समझते हैं । पण्डित जी ने सुदीर्घकाल के अनुभवों से संकलित फलादेश के अपने ये रहस्य और साधना के तत्त्व अपने विद्वान् पुत्र श्री इन्दुशेखर शर्मा M.A. ज्योतिषाचार्य को दिये हैं, जो इन दिनों "श्री मार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय, कुराली" में पण्डित जी की गद्दी पर बैठते हैं ।

पण्डित श्री मुकुन्दवल्लभ जी का फलित ज्योतिष की ही भांति सिद्धान्त ज्योतिष के क्षेत्र में भी समान रूप से प्रशंसनीय योगदान रहा है । "श्री मार्त्तण्ड पंचांग" जिसका प्रवर्त्तन-सम्पादन उन्होंने किया, आज भारत के मूर्धन्य पञ्चाङ्गों में अपना एक विशिष्ट स्थान रखता है । इस पंचांग की ग्रह, ग्रहण आदि की गणित शुद्धता में आदर्श मानी जाती है । उत्तर भारत में पण्डित जी ने ही अपने पंचांग में सर्वप्रथम ग्रह भोगांश, ग्रहण, गुरु-शुक्रोदयास्त आदि के निमित्त दृक्शुद्ध गणित का प्रयोग आरम्भ किया । 'श्री मार्त्तण्ड पंचांग' के प्रकाशन के प्रारम्भिक वर्षों में उत्तर भारत के प्राचीन गणित पक्षपाती अधिकतर पंचांगों में कई बार सूर्य ग्रहण काल अक्षम्य रूप से गलत पाया गया, जबकि वह ग्रहण काल 'श्री मार्त्तण्ड पंचांग' में सर्वथा शुद्ध था । इसी प्रकार की अन्य कई दृश्य आकाशीय घटनाओं (गुरु-शुक्रोदयास्तादि) द्वारा 'श्री मार्त्तण्ड पंचांग' की गणित की शुद्धता अनेक बार अन्य परम्परागत पंचांगों की अपेक्षा कहीं अधिक शुद्ध प्रमाणित हुई, जिससे विद्वानों ने 'श्री मार्त्तण्ड पंचांग' को प्रामाणिक घोषित किया तथा पण्डित जी को ज्योतिष तथा धार्मिक संस्थाओं ने भी अनेक उपाधियों से अलंकृत कर सम्मानित भी किया ।

पंचांग सम्बन्धी अनेक विवादास्पद विषयों पर पण्डित जी द्वारा दी गई व्यवस्थाओं को काशी के विद्वानों ने भी प्रामाणिकता की कोटि में रखा । ज्योतिष के क्षेत्र में प्राचीन परम्परा से किसी कारण वश लुप्त अनेक शास्त्रीय, तर्कसंगत सिद्धान्तों की वैधता उन्होंने सिद्ध की और अपनी सशक्त लेखनी और वाचिक शास्त्रार्थ द्वारा उनकी शास्त्रीयता को प्रतिष्ठापित करते हुए भारत के ज्योतिर्विदों और पंचांगकारों को उन्हें पुनः स्वीकार करने के लिए [illegible] । [illegible] अश्विनी, चित्रा, श्रवण, धनिष्ठा व शतभिषा पुष्य-तुल्य ये विवाह कृत्य के लिए ग्राह्य लिखे हुए हैं । किसी अज्ञात कारणवश उत्तर भारत में ये नक्षत्र विवाह मुहूर्तों में शताब्दियों से वर्जित किये जाते रहे । लेकिन पण्डित जी ने इन्हें पुनः मान्यता देने के लिए पंचांगकारों को बाधित किया । जिसके फलस्वरूप उत्तर भारत के अधिकतर पंचांगकार अब अन्य विवाह नक्षत्रों के साथ इन चार नक्षत्रों को भी विवाह के लिए बिना संकोच प्रयुक्त करने लगे हैं ।

इसके अतिरिक्त पण्डित जी ने बहुत से ग्रन्थ लिख कर ज्योतिष और कर्मकाण्ड के साहित्य को समृद्ध किया । आपके लिखे ग्रंथ ये हैं—(१) पञ्चपक्षि प्रकाश (२) सर्वानन्द लाघव की सोदाहरण व्याख्या (३) कर्मठ गुरु संस्कृत में कर्मकाण्ड-ग्रन्थ (४) अर्घ मार्त्तण्ड (हिन्दी एवं उर्दू में) (५) फलित मार्त्तण्ड (६) राशभियान कल्पलता (नाम कोश) (७) 'उडुदाय प्रदीप' भाष्य (८) सदाचारी गृह (अप्रकाशित) । इन उपरोक्त सात ग्रन्थों के कई-कई संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं, जिससे इनकी लोकप्रियता सूचित होती है । किन्तु संस्कृत के प्रति निष्ठा सेवा तथा कर्मकाण्ड क्षेत्र में प्रकाशन तथा क्रियात्मक निर्देशन के कारण आप पण्डितों में बहुत आदरणीय रहे हैं ।

इस प्रकार का त्रिस्कन्ध ज्योतिष का तलस्पर्शी ज्ञान रखने वाले पं० श्री मुकुन्दवल्लभ जी ज्योतिषाचार्य के १५ दिसं. '८५ को देहावसान से भारतीय ज्योतिष जगत् में वस्तुतः एक ऐसी रिक्तता आई है जिसकी पूर्ति न जाने कितना काल लेगी । इनके देहान्त पर "श्री मार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय, कुराली" में हजारों विद्वानों के संवेदना पत्र, अखिल-भारतीय ज्योतिष परिषद् दिल्ली, अखिल भारतीय ज्योतिष महा सम्मेलन कानपुर, वराहमिहिर ज्योतिष संस्थान सहारनपुर, सरस्वती स्नातक मण्डल खन्ना, सनातन धर्म प्रतिनिधि सभाएं एवं ब्राह्मण सभाएं आदि ज्योतिष-धार्मिक संस्थाओं के सैकड़ों शोक प्रस्ताव पहुंचे हैं और अब भी प्रतिदिन पहुंच रहे हैं । जिसके लिए पण्डित जी के पुत्र एवं परिवार के अन्य सभी सदस्य उन सब संस्थाओं और महानुभावों के प्रति हृदय से आभार प्रकट करते हैं ।

अब पण्डित जी अपने सुयोग्य सुयोग्य पुत्र श्री सत्यव्रत शर्मा शास्त्री साहित्याचार्य, श्री प्रियव्रत शर्मा शास्त्री M.A., सिद्धान्त ज्योतिषाचार्य, साहित्याचार्य, डॉ० शक्तिधर शर्मा Ph. D., Msc., M.A., सिद्धान्त ज्योतिषाचार्य और श्री इन्दुशेखर शर्मा M.A., को संस्कृत ज्योतिष तथा नव्यवैज्ञानिक क्षेत्रों में प्रवीण बना कर विद्वानों में सुप्रतिष्ठ किया । स्व-प्रवर्तित पञ्चाङ्ग प्रकाशनों के सम्पादक ज्योतिष निष्णात पुत्रों के ज्योतिषशास्त्र के गुरु पण्डित जी स्वयं थे । जिन्होंने उन्हें अपने गम्भीर, वैदुष्य एवं सुदीर्घकालीन अनुभव द्वारा प्राप्त त्रिस्कन्ध ज्योतिष के सभी रहस्यों की गहराई तक उतार कर ज्योतिष जगत् में सुप्रतिष्ठ किया है । इसमें कोई सन्देह नहीं है—पण्डित जी के इन सुयोग्य पुत्रों के सम्पादन में यह 'श्री मार्त्तण्ड पंचांग' और इसके उर्दू, पंजाबी संस्करण यथावत् उत्तरोत्तर प्रगतिशील रहेंगे ।

स्व० पं० श्री मुकुन्दवल्लभ मिश्र ज्योतिषाचार्य जी की स्मृति में

स्वर्ण पदक

अपने परम श्रद्धास्पद स्व० पूज्य पिता पं० श्री मुकुन्दवल्लभ जी मिश्र ज्योतिषाचार्य की पावन स्मृति में ज्योतिषाचार्य परीक्षा में सर्वप्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र या छात्रा को प्रतिवर्ष एक स्वर्ण पदक (पं० श्री मुकुन्दवल्लभ मिश्र ज्योतिषाचार्य स्वर्णपदकम्) दिया जाएगा—ऐसा हमने निर्णय लिया है । जो छात्र या छात्रा "राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के विद्यापीठों" की ज्योतिषाचार्य परीक्षा में सर्वाधिक अङ्क लेकर उत्तीर्ण होगा, उसे इस पदक से अलंकृत किया जाएगा ।

—मार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय-कुराली

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

स्व० पं० श्री मुकुन्दवल्लभ जी मिश्र ज्योतिषाचार्य

(एक संक्षिप्त परिचय)

[लेखक—डॉ० गोपाल शर्मा, नालागढ़ (हि० प्र०)]

श्री पं० मुकुन्दवल्लभ मिश्र ज्योतिषाचार्य एक ऐसा नाम है जो भारतीय ज्योतिष-जगत् में परिचय की अपेक्षा नहीं रखता। बीसवीं शताब्दी के विगत इन लगभग ६० वर्षों में हिन्दी भाषी भारतीय प्रान्तों पर ज्योतिष के क्षेत्र में आपका एक अविस्मरणीय प्रभाव-शाली प्रभुत्व रहा, और इस शास्त्र पर अद्भुत आधिपत्य के कारण आपको लोग ज्योतिष का अपर पर्याय सा मानने लगे। वि. सं. १९८५ (सन् १९२८ ई.) में आपने भारत विख्यात "श्री मार्त्तण्ड पञ्चांग" को संस्कृत (हिन्दी), उर्दू और पंजाबी भाषाओं में पृथक्-पृथक् प्रकाशित करना प्रारम्भ किया, जो कि आजकल इन भाषाओं में प्रकाशित होने वाले पंचांगों में सर्वाधिक प्रामाणिकता एवं लोकप्रियता लिए हुए है। क्योंकि पण्डित जी ने कुराली (रोपड़, पंजाब) में स्थित अपने श्री मार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय से इन पंचांगों का सम्पादन-प्रकाशन किया। अतः ये तीनों पंचांग "कुराली वाले" पंचांगों के नाम से प्रसिद्ध हैं। कुराली—पंजाब के रोपड़ जिले का एक छोटा-सा नगर है, जो आज पण्डित जी की प्रख्याति के कारण भारतीय ज्योतिष के मानचित्र पर मोटे अक्षरों में अंकित किया जाता है। आज इस कुराली को अनेक लोग 'ज्योतिषी की कुराली' या पंजाबी में 'जोशी-दी कुराली' भी कहते हैं।

पं० श्री मुकुन्दवल्लभ जी कुराली के भरद्वाज गोत्रीय एक विद्वान् ब्राह्मण परिवार में उत्पन्न हुए। इनके पिता श्री रामचन्द्र जी और माता श्रीमती शिवदेवी—दोनों यौवनावस्था के प्रारम्भिक वर्षों में ही श्री मुकुन्दवल्लभ जी (जिनका बचपन का नाम कुन्दन लाल था), और उनके छोटे भाई श्री वीरभानु जी को बाल्यावस्था में ही छोड़कर दिवंगत हो गये। माता-पिता के अभाव में इनके दादा श्री नानक चन्द जी ने जो ज्योतिष एवं आगम के विद्वान् थे, इन दोनों भाइयों का पालन-पोषण किया। कुमारावस्था में ही श्री मुकुन्दवल्लभ जी का विवाह हो गया। विवाह के बाद उग्र ज्ञानलिप्सा से प्रेरित होकर वे अपनी धर्म-पत्नी श्रीमती पूर्णा देवी की प्रेरणा से ज्योतिष पढ़ने के लिये सुदीर्घ प्रवास पर जयपुर चले गये। वहां प्रसिद्ध खगोलवेत्ता पं० श्री केदार नाथ जी ज्योतिषाचार्य (जयपुरीय ज्योतिष वेधशाला के अध्यक्ष) के पास वर्षों रहकर नवीन एवं प्राचीन ज्योतिष के मूल ग्रन्थों का परिशीलन किया। वहां से वे उज्जैन गये, जहां उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्राच्य एवं पाश्चात्य ज्योतिष के महाविद्वान् श्री गोविन्द सदाशिव आप्टे (प्रिंसिपल—माधवराव कालेज, उज्जैन एवं अध्यक्ष—जिवाजी वेधशाला, उज्जैन) से पाश्चात्य एवं रूपकीय ज्योतिष के नव्यतम सिद्धान्तों का परिपूर्ण ज्ञान प्राप्त किया, साथ ही वेधयन्त्र आदि की प्रयोगात्मक कुशलता भी। प्रवास काल की इस सुदीर्घ अवधि में पण्डित जी ने गणित के साथ-साथ फलित का भी गम्भीरता से परिशीलन किया। ज्योतिष की इन दो प्रमुख शाखाओं में पारङ्गत होने के बाद जब पण्डित जी उज्जैन से अपने घर (कुराली, पंजाब) के लिये प्रस्थान करने ही वाले थे, तभी श्री पं० हरदेव शर्मा त्रिवेदी (सम्पादक—"श्री विश्वविजय-पंचांग व ज्योतिष्मती") के बड़े भाई उनको (पं० मुकुन्दवल्लभ जी के) पास पहुंचे और उनसे अपने छोटे भाई हरदेव जी को, जिनका उस समय नाम हरिश्चन्द्रमल्ल था, ज्योतिष पढ़ाने का आग्रह किया। पण्डित जी ने उनका आग्रह मान लिया और वे हरिश्चन्द्रमल्ल को अपने साथ कुराली, पंजाब ले आये, और वहां हरिश्चन्द्रमल्ल तिवारी का नाम बदल कर हरदेव शर्मा त्रिवेदी कर दिया। वहां उन्होंने वि. सं. १९८५ में श्री मार्त्तण्ड पंचांग का सम्पादन-प्रकाशन प्रारम्भ किया। उन्होंने श्री हरदेव शर्मा त्रिवेदी को कुराली में अपने परिवार के भीतर लगभग १७ वर्ष तक सस्नेह रखा और उन्हें गणित और फलित ज्योतिष का ज्ञान दिया और पंचांग गणित में भी दक्ष किया। पंचांग गणित में अभ्यस्त हो जाने पर श्री हरदेव शर्मा त्रिवेदी ने "श्री मार्त्तण्ड पंचांग" के सम्पादन कार्य में अपने गुरु पं० श्री मुकुन्दवल्लभ जी की कुछ वर्षों तक सहायता भी की। तदनन्तर श्री हरदेव शर्मा त्रिवेदी जी सोलन (हि. प्र.) जा बसे और वहां से उन्होंने अपना स्वतन्त्र पंचांग प्रकाशन प्रारम्भ किया।

त्रिस्कन्ध ज्योतिष पर पं० श्री मुकुन्दवल्लभ जी के अद्भुत आधिपत्य और 'श्री मार्त्तण्ड पंचांग' की गणित आदि की प्रामाणिकता से प्रभावित महामहोपाध्याय पं० मथुरा प्रसाद जी दीक्षित राजगुरु सोलन नरेश ने, सोलन (हि. प्र.) के राजा श्री दुर्गासिंह जी पँवार को प्रेरित किया कि वे पण्डित जी को राज ज्योतिषी के पद से सम्मानित करें। तदनुसार सोलन नरेश ने पण्डित जी को राज ज्योतिषी पद देकर सम्मानित किया और श्री मार्त्तण्ड पंचांग के प्रकाशनार्थ प्रतिवर्ष आर्थिक सहायता देना भी प्रारम्भ किया। इसके कुछ वर्ष बाद पण्डित जी के अगाध वैदुष्य की ख्याति से प्रभावित पटियाला के तात्कालिक महाराजा श्री भूपेन्द्र सिंह जी ने पण्डित जी को अपने राज्य के राज ज्योतिषी पद से सम्मानित करने के लिए आमन्त्रित किया। लेकिन पण्डित जी ने इसे स्वीकार करने में अपना असामर्थ्य प्रकट किया। क्योंकि महाराजा साहेब का आग्रह था कि पण्डित जी कुराली को छोड़ पटियाला को ही अपना आवास बनाएं। जब पण्डित जी ने कुराली छोड़ने की बात नहीं मानी तब महाराजा साहेब ने वर्ष में केवल छः मास पटियाला में रहने के प्रतिबन्ध की बात की तो उसे भी पण्डित जी ने अस्वीकार कर दिया। इस पर महाराजा पटियाला ने पण्डित जी से अनुरोध किया कि यदि वे राज ज्योतिषी पद को स्वीकार करने में असमर्थ हैं तो वे (पण्डित जी) स्वयं किसी योग्य समर्थ ज्योतिषी को इस पद के लिए मनो-नीत कर दें। इस विषय में अपने आपको किसी प्रकार के पक्षपात दोष से मुक्त रखने के उद्देश्य से पण्डित जी ने राज ज्योतिषी चुनने के लिए एक परीक्षा निर्धारित की। इस परीक्षा के परीक्षक और निर्णायक पण्डित जी ही थे। इस परीक्षा में भारत के अनेक ज्योतिषियों ने भाग लिया। इस परीक्षा में पं० देवी दत्त जी शास्त्री इस पद के लिए योग्य घोषित हुए जो आजकल पटियाला के राज ज्योतिषी पद पर प्रतिष्ठित हैं।

पण्डित जी का गणित ज्योतिष की ही भांति फलित ज्योतिष पर भी अद्भुत प्रभुत्व था। फलितीय योगायोगों के गम्भीर परिशीलन, सुदीर्घ अनुभव एवं विशुद्धतपोमय जीवन से प्राप्त अलौकिक अन्तर्दृष्टि के कारण पण्डित जी की भविष्यवाणियों की सत्यता वस्तुतः चौंका देने वाली थी। यही कारण था कि उनके कार्यालय (श्री मार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय कुराली, पंजाब) में प्रतिदिन पचासों व्यक्ति भारत के कोने-कोने से अपनी ज्योतिष सम्बन्धी समस्याओं के समाधानार्थ उनसे मिलने आया करते थे। इसी कारण सर्व साधारण से लेकर राजा-महाराजा, मन्त्री-उद्योगपति आदि सभी वर्ग, धर्म और सम्प्रदाय के लोग उन पर गहरी आस्था रखते थे। उन्हें एक अद्भुत वाक्शक्ति प्राप्त थी। उन्होंने प्रसंग

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

॥ स जातो येन जातेन याति वंशः समुन्नतिम् ॥

जन्म : { पौष पूर्णिमा सं. १९५४ / ७ जन. सन् १८९८ ई. } स्वर्गारोहण : { मार्ग. शु. ४ सं. २०४२ / १५ दिस. सन् १९८५ ई. }

ज्योतिरेकं तिरोऽभूत्

हमारे परमश्रद्धास्पद पूज्य पितृदेव सुगृहीतनामधेय श्रीमान् पं० मुकुन्दवल्लभ जी मिश्र ज्योतिषाचार्य का ८९ वर्ष की अवस्था में १५ दिसम्बर १९८५ ई० को हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक देहावसान हमारे परिवार में अपूरणीय रिक्तता छोड़ गया है, जिसने हम सबके हृदयों को अवसाद के अन्धतमस में बुरी तरह डुबा डाला है। अपने दिव्य व्यक्तित्व, गम्भीर वैदुष्य आदि गुणावली से इस परिवार को उन्होंने एक ऐसा स्पृहणीय महा गौरव प्रदान किया, जिसे यथावस्थ रखने के लिए हम निष्ठा एवं आत्मार्पण पूर्वक परिश्रममय जीवन बिताने के लिए हृदय से बाधित हैं। वे हमारे वंश की अलौकिक विभूति थे, जिनके वर्चस्वी चरित्र को हमारी आगामी पीढ़ियां सम्मान, श्रद्धा और आश्चर्य से सुना करेंगी। आज की सांसारिक चकाचौंध की ओर अन्तःकरण का सन्तुलित चतुर्वर्ग की ओर प्रवर्तन, स्वाध्याय में अप्रमाद, सन्तोष, दया और निर्बल-संरक्षण का उपदेश वे हमें वचसा तो देते ही थे, अपने उदात्त चरित्र द्वारा उसे क्रियात्मक रूप देकर उसका स्वयं उदाहरण बनकर उन्होंने यह सब हमें पूरी तरह समझाया भी। वे हमें आशीर्वाद देते हुए अक्सर कहा करते थे कि ऐसा लगता है जैसे कि मैं तुम्हें नहीं, अपने आपको ही आशीर्वाद दे रहा हूं। वे अपने क्षेत्र में सर्वत्र अपराजित रहे, लेकिन वे हमसे पूरी तरह परास्त हो जाने की अपनी उग्र आन्तरिक लालसा ("पुत्रादिच्छेत्पराजयम्") को स्पष्ट शब्दों में अक्सर दोहराते रहते थे। उनकी ऐसी उदात्त वत्सलता से उऋण होने का सामर्थ्य हम कहां से लाएं—समझ में नहीं आता। निःसन्देह वे हमारी स्मृति में जीवित हैं, अपनी कृतियों में वे वर्तमान हैं, व्यापक प्रतिष्ठा से वे अमर हैं, फिर भी उनके पार्थिव शरीर के मोह में बन्धे हम अज्ञानियों के हृदय में उनके विछोह से एक अनियन्त्रित यन्त्रणा है, जो शब्दों की परिधि में नहीं आ पाती। घर के कोने-कोने में, निराधार आकाश में, शून्य हृदय के अन्धकार में प्रतिक्षण उनकी मोहक आकृति उभरी रहती है। अपने ६०-६५ वर्षों की सतत साधना से प्राप्त दुर्लभ शास्त्रीय रहस्य उन्होंने हमें हृदय खोलकर बतलाए, स्नेह और साधन सम्पदा को हम पर न्यौछावर किया, मानव जीवन की प्रत्येक सम्भव महत्त्वकांक्षा की अविकल पूर्ति के लिए उनके जीवन का पल-पल हमें प्रेरणा और आशीर्वाद देता रहा, हमारे अपराधों को अन्त तक हमारा बचपन समझते हुए उन्होंने हमेशा मुस्कुराकर क्षमा किया, ऐसे आदर्श पितृत्व, गुरुता और स्नेह की उस मूर्ति की नित्य मधुर स्मृतियां हमारी आत्मा से इस प्रकार समवेत हो चुकी हैं कि जन्म-जन्मान्तर में भी वह इन्हें इसी प्रकार स्पष्ट रूप में अपने साथ लेकर नए शरीर में संक्रान्त होती रहेगी।

कहते हैं—प्रत्येक घटना चक्र की युगान्तरों में ठीक इसी रूप में आवृत्ति होती है। सम्भव है, आगामी किसी युग में वे हमें फिर पिता के रूप में कभी मिल जाएं। इस अनिश्चित सी आशा से कभी-कभी मन को कुछ सान्त्वना सी मिल जाती है।

उनकी दिवंगत आत्मा की शाश्वत शान्ति के लिए हम प्रभु से प्रार्थना अवश्य करते हैं लेकिन उनकी सी जीवन्मुक्त, शुद्ध, बुद्ध एवं निर्लिप्त आत्मा के लिए तो यह शिष्ट-परम्परा पालन ही है। हमारे जीवन के धैर्यरोधी प्रत्येक प्रसंग में हमारी सान्त्वना के वे ही एकमात्र स्रोत रहे हैं। उनके इस मर्मान्तिक असह्य वियोग से उत्पन्न इस अधीरता की अवस्था में भी हम तो उनकी उस नित्य वात्सल्यमय आत्मा को ही पुकारेंगे।

यह संसार भी क्या है—जहां ऐसे प्रियजनों के अनन्तकालिक, अरुन्तुद वियोग-वेदना को हृदय में लिए हम जीवित रहने के लिए बुरी तरह बाधित हैं।

असह्य वियोग में व्याकुल पुत्र—

सत्यव्रत-प्रियव्रत-शक्तिधर-इन्दुशेखर

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

संक्षिप्त विषय-सूची (सं. २०४४ वि.)

विषय	पृष्ठ
विषय सूची	१
श्रद्धाञ्जलि एवं संक्षिप्त जीवन चरित्र श्री पं. मुकुन्दवल्लभ जी	२-५
प्रमुख-प्रमुख व्रतपर्व, वर्गीकृत व्रतपर्व, भारत सरकार के अवकाश, मेले, गण्डमूल-पंचक आदि	६-९
ग्रहण, आकाशी कौंसल	१०-१९
यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र	२०-२१
शनि की साढ़ेसाती (नेपाल संक्षिप्त व्रत पर्व, राजामन्त्री, साढ़ेसाती)	२२-२३
राशिफलादेश	२४-२७
व्यापार विमर्श	२८-३४
जन्मपत्र आदि की गणित में कितनी सूक्ष्मता युक्तियुक्त है	३५-३९
समस्या समाधान	४०-४२
ग्रहों के बल की विधि	४३-४४
नक्षत्र राशिज्ञान चक्र	४५
वर्षफल श्रवण	४६-४७
वर्षराजादि फलविचार	४८-४९
संदिग्ध व्रतपर्व निर्णय	५०
तिथ्यादि २४ पक्ष	५१-७४
घण्टा-मिनटों में तिथि, नक्षत्र, योगादि पूरी जन्त्री	७५-८३
ग्रहस्पष्ट	८४-९६
यूरेनस-नेपच्यून-प्लूटो ग्रहों की युतियां, उदयास्त, वक्रमार्ग आदि	९७
ग्रहों के क्रान्तिशर, चरणचार	९८-१००
सूर्योदयास्त, चन्द्रोदयास्त परिवर्तन सारणी	१०१-१०४
अन्तर्न्यास पद्धति	१०५-१०६
पंचांग-समस्या समाधान, यन्त्र-मन्त्र का	१०७
अद्भुत लग्न सारणी	१०८-१०९
चन्द्रयात्रा से प्राप्त वैज्ञानिक धारणाओं में प्रगति	११०
विज्ञापन	१११-११२
दैनिकलग्न सारणियां	११३-११९
ज्योतिष शास्त्र के गूढ़ रहस्य	१२०
प्राचीन पद्धति द्वारा लग्न, दशम	१२१-१२४
सूक्ष्म लग्न-दशम साधन की नवीन विधि	१२५-१३०
भारत के प्रमुख-प्रमुख नगरी में लग्न समाप्तिकाल	१३१
दशान्तर्दशाचक्र, वर्ष प्रवेश सारणी, आवश्यक मुहूर्त, गुण मिलान सारणी आदि	१३२-१४९
भारत के प्रमुख ३५० नगरों के अक्षांश, रेखांश-स्टैण्डर्ड अन्तर एवं राजस्थान के लगभग २०० नगरों के अक्षांश-रेखांश स्टैण्डर्ड अन्तर, सारणी	१५०-१५५
दिल्ली, पंजाब, हि.प्र. की लग्न सारणियां	१५६-१६६
दुनिया के कुछ देशों के स्टैंडर्ड टाईम.	१६७
अंगस्फुरणफल, स्वप्नफल, प्रसूतिलग्न विचार, बालारिष्ट, स्त्री जातक, गण्डमूल नक्षत्र फल, गोचर ग्रहफल, बालकष्टावली, नक्षत्र कष्टावली	१६८-१७८
सिद्ध होरा मुहूर्त	१७९
सुगम प्रश्न विचार	१८०-१८१
त्रिबल शुद्धि कोष्ठक	१८२-१८३
विवाह आदि मुहूर्त	१८४-१८८
सर्वार्थसिद्धि अमृतसिद्ध आदि योग	१८९-१९१
ग्रहयोग दाम्पत्य जीवन	१९२

अनन्त श्री विभूषित श्री काञ्चीमठ-कोटिपीठाधिपतिजगद्गुरु श्री शंकराचार्य जी का शुभाशीर्वाद

(मुद्रा)

श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य श्रीमच्छंकर भगवत्पाद-प्रतिष्ठित—श्रीकाञ्चीकामकोटिपीठाधिपजगद्गुरु—श्रीमच्चन्द्रशेखरेन्द्र-सरस्वती-श्रीपादाबेशानुसारेण श्रीमज्जयेन्द्रसरस्वतीश्रीपादैः क्रियते नारायणस्मृतिः।

श्रीसदाशिवआप्टे-महोदयस्य शिष्यैः श्रीमुकुन्दवल्लभ-शर्मभिः प्रवर्तितम् "श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांगम्" अधुना श्रीप्रियव्रतशर्म-श्रीशक्तिधरशर्म-श्रीमदिन्दुशेखर शास्त्रिभिः तन्त्रद्वारा शुद्ध-स्फुट-गणित-रीत्या परिशोध्य स्वीकृतया दृग्गणितपद्धत्या सम्पाद्यते। एतत्-पञ्चांगम् धर्मशास्त्र-सम्मतैकमात्र-दृग्गणित-पद्धत्य-नुसारिव्रतपर्वादि-धार्मिककृत्यानुष्ठाने धार्मिकैः प्रयोज्यम्-इति सम्मन्यामहे। एतस्य सम्पादकः डा. शक्तिधरशर्मा ज्योतिष-गणितादि विषयेषु महत्प्रागल्भ्यं भजते, इति अस्माभिः सः सप्रसादं 'दृक्सिद्धान्तभास्करः' इति बिरुदेन पूर्वमेव सभाजितः। अधुना श्रीमार्त्तण्डपञ्चांगमेतत् स्वर्णजयन्तीमहोत्सवमनुभवत् अशेषास्तिकलोकोपकारक सत् श्री चन्द्रमौलीशकृपया प्रचुरं प्रचारं प्राप्नुयादित्याशास्महे।

काञ्चीक्षेत्रम् नारायणस्मृतिः

अनल संवत्सर माघ अमावस्या (सन् १९८७ ई.)

इस वर्ष के नए विषय

(१) जन्मपत्र आदि की गणित में कितनी सूक्ष्मता युक्तियुक्त है। (पृ. ३५-३९)
(२) चन्द्रोदयास्त परिवर्तन सारिणी (पृ. १०३-१०४)
(३) सर्वथा शुद्ध इष्टकालिक ग्रहस्पष्ट करने की विधि—"अन्तर्न्यास पद्धति" (पृ. १०५-१०६)
(४) उत्तर भारत के सभी नगरों के लिये अद्भुत दैनिकलग्न सारणी (पृ. १०८-१०९)
(५) चन्द्रमा पर मनुष्य उतरने से विज्ञान क्षेत्र में नई धारणाएं (पृ. ११०)
(६) दिल्ली, हरयाणा और पंजाब के नगरों की लग्न-सारणियां (सूर्योदयास्त दिनमान, अक्षांश, रेखांश आदि) (पृ. १५६-१६६)

* इन सभी विषयों के साथ संसार के आन्तरिक 'आकाशी कौंसल' में सर्व व्यापारियों के लिए तेजी-मन्दी का विचार 'व्यापार विमर्श' में पढ़ें।

मूल्य १२)
सफेद कागज १४)
सजिल्द सफेद कागज १६)

देवी सहाय गुप्ता

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

संक्षिप्त विषय-सूची (सं. २०४४ वि.)

विषय	पृष्ठ
विषय सूची	१
श्रद्धाञ्जलि एवं संक्षिप्त जीवन चरित्र श्री पं. मुकुन्दवल्लभ जी	२-५
प्रमुख-प्रमुख व्रतपर्व, वर्गीकृत व्रतपर्व, भारत सरकार के अवकाश, भद्रा, गण्डमूल-पंचक आदि	६-९
ग्रहण, आकाशी कौंसल	१०-१९
यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र	२०-२१
शनि की साढ़ेसाती (संपादन संक्षिप्त व्रत पर्व, राजामन्त्री, मासेश्वर)	२२-२३
राशिफलादेश	२४-२७
व्यापार विमर्श	२८-३४
जन्मपत्र आदि की गणित में कितनी सूक्ष्मता युक्तियुक्त है	३५-३९
समस्या समाधान	४०-४२
नौ ग्रहों के व्रत की विधि	४३-४४
नक्षत्र राशिज्ञान चक्र	४५
वर्षफल श्रवण	४६-४७
वर्षराजादि फलविचार	४८-४९
संदिग्ध व्रतपर्व निर्णय	५०
तिथ्यादि २४ पत्र	५१-७४
घन्टा-मिनटों में तिथि, नक्षत्र, योगादि पूरी जन्त्री	७५-८३
ग्रहस्पष्ट	८४-९६
यूरेनस-नेपच्यून-प्लूटो ग्रहों की युतियां, उदयास्त, वक्रमार्ग आदि	९७
ग्रहों के क्रान्तिशर, चरणचार	९८-१००
ग्रहोदयास्त, चन्द्रोदयास्त परिवर्तन सारणी	१०१-१०४
अन्तर्न्यास पद्धति	१०५-१०६
नागांश-समस्या समाधान, यन्त्र-मन्त्र का	१०७
अद्भुत लग्न सारणी	१०८-१०९
चन्द्रयात्रा से प्राप्त वैज्ञानिक धारणाओं में प्रगति	११०
विज्ञापन	१११-११२
दैनिकलग्न सारणियां	११३-११९
ज्योतिष शास्त्र के गूढ़ रहस्य	१२०
प्राचीन पद्धति द्वारा लग्न, दशम	१२१-१२४
सूक्ष्म लग्न-दशम साधन की नवीन विधि	१२५-१३०
भारत के प्रमुख-प्रमुख नगरों में लग्न समाप्तिकाल	१३१
दशान्तर्दशाचक्र, वर्ष प्रवेश सारणी, आवश्यक मुहूर्त, गुण मिलान सारणी आदि	१३२-१४९
भारत के प्रमुख ३५० नगरों के अक्षांश, रेखांश-स्टैण्डर्ड अन्तर एवं राजस्थान के लगभग २०० नगरों के अक्षांश-रेखांश स्टैण्डर्ड अन्तर, सारणी	१५०-१५५
दिल्ली, पंजाब, हि.प्र. की लग्न सारणियां	१५६-१६६
दुनिया के कुछ देशों के स्टैंडर्ड टाईम,	१६७
अंगस्फुरणफल, स्वप्नफल, प्रसूतिलग्न विचार, बालारिष्ट, स्त्री जातक, गण्डमूल नक्षत्र फल, गोचर ग्रहफल, बालकष्टावली, नक्षत्र कष्टावली	१६८-१७८
सिद्ध होरा मुहूर्त	१७९
सुगम प्रश्न विचार	१८०-१८१
त्रिबल शुद्धि कोष्ठक	१८२-१८३
विवाह आदि मुहूर्त	१८४-१८८
सर्वार्थसिद्धि अमृतसिद्ध आदि योग	१८९-१९१
ग्रहयोग दाम्पत्य जीवन	१९२

अनन्त श्री विभूषित श्री काञ्चीमठ-कोटिपीठाधिपतिजगद्गुरु श्री शंकराचार्य जी का शुभाशीर्वाद

(मुद्रा)

श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य श्रीमच्छंकर भगवत्पाद-प्रतिष्ठित—श्रीकाञ्चीकामकोटिपीठाधिपजगद्गुरु—श्रीमच्चन्द्रशेखरेन्द्र-सरस्वती-श्रीपादादेशानुसारेण श्रीमज्जयेन्द्रसरस्वतीश्रीपादैः क्रियते नारायणस्मृतिः।

श्रीसदाशिवआप्टे-महोदयस्य शिष्यैः श्रीमुकुन्दवल्लभ-शर्मभिः प्रवर्तितम् "श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांगम्" अधुना श्रीप्रियव्रतशर्म-श्रीशक्तिधरशर्म-श्रीमदिन्दुशेखर शास्त्रिभिः तन्त्र द्वारा शुद्ध-स्फुट-गणित-रीत्या परिशोध्य स्वीकृतया दृग्गणितपद्धत्या सम्पाद्यते। एतत्-पञ्चांगम् धर्मशास्त्र-सम्मतं क्रमात्-दृग्गणित-पद्धत्य-नुसारिव्रतपर्वादि-धार्मिककृत्यानुष्ठाने धार्मिकैः प्रयोज्यम् इति सम्मन्यामहे। एतस्य सम्पादकः डा. शक्तिधरशर्मा ज्योतिष-गणितादि विषयेषु महत्प्रागल्भ्यं भजते, इति अस्माभिः सः सप्रसादं 'दृक्सिद्धान्तभास्करः' इति विरुदेन पूर्वमेव सभाजितः। अधुना श्रीमार्त्तण्डपञ्चांगमेतत् स्वर्णजयन्तीमहोत्सवमनुभवत् अशेषास्तिकलोकोपकारक सत् श्री चन्द्रमौलीशकृपया प्रचुरं प्रचारं प्राप्नुया-दित्याशास्महे।

काञ्चीक्षेत्रम् — नारायणस्मृति

अनन्त सं[illegible]मावस्या (सन् १९८८ ई.)

इस वर्ष के नए विषय

(१) जन्मपत्र आदि की गणित में कितनी सूक्ष्मता युक्तियुक्त है। (पृ. ३५-३९)
(२) ग्रहोदयास्त परिवर्तन सारिणी (पृ. १०३-१०४)
(३) सर्वथा शुद्ध इष्टकालिक ग्रहस्पष्ट करने की विधि—"अन्तर्न्यास पद्धति" (पृ. १०५-१०७)
(४) उत्तर भारत के सभी नगरों के लियें अद्भुत दैनिकलग्न सारणी (पृ. १०८-१०९)
(५) चन्द्रमा पर मनुष्य उतरने से विज्ञान क्षेत्र में नई धारणाएं (पृ. ११०)
(६) दिल्ली, हरयाणा और पंजाब के नगरों की लग्न सारणियां (सूर्योदयास्त दिनमान, अक्षांश, रेखांश आदि) (पृ. १५६-१६६)

* इन सभी विषयों के साथ समाचार [illegible] 'आकाशी कौंसल' में एवं व्यापारियों के लिए तेजी-मन्दी का विचार व्यापार विमर्श में पढ़ें।

मूल्य १२)

सफेद कागज १४)
मजिल्द सफेद कागज १६)

देवी सहाय गुप्ता

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

श्री मार्तण्ड पंचांग के सम्पादकों की गतिविधियां

...लैराड में डा. शक्तिधर शर्मा के सभापतित्व में

ज्योतिषेतिहास सम्बन्धी अधिवेशन

...istory of sciences Conference.

ता. २८ अगस्त से १ सित. (सन् १९७८ ई.) तक फ़िनलैण्ड में Unesco ...हायता से आयोजित फिनलैण्ड-द्वीपसमूह (Archipalego) अन्तर्राष्ट्रिय सम्मेलन ...श्री मार्तण्डपञ्चांग के मुख्यसम्पादक डा. शक्तिधर शर्मा सभापतिपद के लिए ...न्त्रित थे। आपने ज्योतिषेतिहास-सम्बन्धी सम्मेलन का सभापतित्व किया। इस ... में ३५ राष्ट्रों ने भाग लिया। इस सभा में डा. शर्मा ने निम्नलिखित चार विषयों ... भाषण दिए।

(१) प्राचीन भारतीय-परम्परा के अनुसार ज्वारभाटा-सारिणियां।
(Old Traditional Indian Tables of Tides)

(२) प्राचीन भारतीय-समुद्रपोत-निर्माण-पद्धति एवं इसका वैज्ञानिक-...

इसके अतिरिक्त दो विषयों पर विशेष व्याख्यान हुए।

(५) जैनज्योतिष परम्परा में ग्रहों का शुद्ध गतिविज्ञान।
(Planetary Kinemetcs in Jaina Astronomy)

(४) श्री केतकर द्वारा १९१० ई. में प्लूटो की सत्ता की भविष्यवाणी के ...रतीय आधारों का विवेचन (गुरु के उपग्रहों के गति-विज्ञानीय सिद्धान्तों का ...पकीकरण एवं ग्रहीय गतिविज्ञान में प्रयोग।) (Extension of Dynamical ...eory of setellites of Jupiter and its applications in ...anetary dynamics)

... गॅ... के प्रम...

अमेरिका आदि के कुछ विद्वान तथा U.K. के Dr. Aiton ...

ने यूनानी आयुर्वेदिक पद्धतियों पर महत्वपूर्ण भाषण दिया जिसमें डा. शर्मा ने विचार विमर्श में भी भाग लिया। डा. Erkka Maula द्वारा आयोजित सम्मेलन बहुत महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।

इन भाषणों में विद्वानों ने बहुत रुचि ली और तर्कवितर्क द्वारा गहराई में जाकर डा. शर्मा के प्रतिपादनों की प्रशंसा की।

पेरिस (फ्रांस) में अन्ताराष्ट्रिय ज्योतिषज्ञों की सभा में

डा. शक्तिधर शर्मा

डा. शक्तिधर शर्मा को १ से ८ सित. (सन् १९७८) तक पेरिस में आयोजित अन्ताराष्ट्रिय सभा में भी आमन्त्रण मिला। यहां आपने फलितशास्त्र के ग्रन्थों के अध्ययन की भारतीय-परम्परा एवं उनके अध्ययन से सिद्धान्त-ज्योतिष के उद्गम एवं विकास के इतिहास सम्बन्धी शोधकार्यों में उपयोगिता का विवेचन किया। 'फलित-शास्त्र के ग्रन्थ सिद्धान्तज्योतिष के इतिहास जानने में कैसे सहायक सिद्ध हो सकते हैं ;- इस विषय पर रुचिकर वार्तालाप विद्वानों के साथ हुआ।

अन्ताराष्ट्रिय ख्यातिप्राप्त डा. Jacaues Hall bronn ने डा. शक्तिधर शर्मा के साथ इन विषयों पर विचार विमर्श किया और उन्होंने बृहज्जातक पर अपनी फ्रैंचभाषा में की टीका के विषय में भूमिका लिखने के लिए डा. शर्मा से आग्रह किया। इस सभा में डा. एस डी. शर्मा अन्ताराष्ट्रिय फलित-ज्योतिषज्ञ आयोग के सदस्य के रूप में चुने गए और कुछ प्रस्तावों के पारित करने में उन्होंने पक्ष-विपक्ष में वोट दिये। फिनलैण्ड एवं फ्रांस के अतिरिक्त डा. शर्मा ने कैम्ब्रिजविश्वविद्यालय में भी ज्योतिषज्ञ-सम्मेलन में जाना था। आप उपसाला (Uppsala Sweden) विश्वविद्यालय में भी भारतीयज्योतिष सम्बन्धी तथा भारतीय-गणित के नव्य आधुनिक वैज्ञानिक शाखाओं नाभिकभौतिकी आदि (Nuclear Physics etc.) में प्रयोग के विषय में आमन्त्रित थे। परन्तु जर्मनी से फ्रांस तक ... सामान-यात्रा में डा. शर्मा का ... । इस सामान में रिसर्चपेपर Slides सामान खो जाने से प्रोग्राम स्थगित ... मय से पूर्व ही उपसाला आदि विश्व-... दिये थे। असुविधावश डा. शर्मा के ... और श्री मार्तण्ड ... से प्राप्त आमन्त्रणों को ... तथा कैम्ब्रिजविश्व... ...

CC-0.In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

डा. शक्तिधर शर्मा को F.R.A.S. की सम्मानजनक उपाधि

डा. शक्तिधर शर्मा के सिद्धान्त-ज्यौतिष एवं गणित के क्षेत्र में उच्चस्तरीय अनुसन्धान से प्रभावित विद्वानों के समर्थन से लण्डन की विश्वविख्यात Royal Astronomical society द्वारा उन्हें सम्मानित सदस्य के रूप में F.R.A.S. (Fellow of Royal Astronomical Society, (U.K.) चुना गया है। यह उपाधि सिद्धान्तज्यौतिष-क्षेत्र में शोध कार्यों में ख्यातिप्राप्त विद्वानों को ही दी जाती है।

डा. शक्तिधर शर्मा के निर्देशन में श्री सज्जनसिंह लिश्क M.A. को जैन-ज्यौतिष पर Ph.D. की उपाधि

डा. शक्तिधर शर्मा के निर्देशन में श्रीसज्जनसिंह लिश्क को फरवरी १९७८ ई.में जैन सिद्धान्त-ज्यौतिष विषय पर Ph.D. की उपाधि मिली है। Ph. D. का शोधविषय था:—"Mathematical Analysis of Post vedanga Presiddhantic data in Jaina Astronomy" था।

इस निबन्ध के परीक्षक डा. Hideo Hirosi (Japan) तथा डा. W. [illegible]ri (Germany) एवं डा. M.L. शर्मा ने इसे अद्वितीय शोधकार्य बतलाया। [illegible] शोधकार्य के बहुत से पूर्व-प्रकाशित लेखों के विषय में Australia, Arabs, [illegible]र्मनी, जापान, हालेण्ड, एवं इजराइल आदि देशों के विद्वानों ने अपनी सम्मतियां दीं [illegible]र इस कार्य की भूरिभूरि प्रशंसा की। एक शोधनिबन्ध पर डा.शक्तिधर शर्मा एवंडा. [illegible]नसिंह लिश्क को भण्डारकार इंस्टिट्यूट द्वारा जून १९७८ में आयोजित संस्कृत [illegible] में K. D. इंस्टिच्यूट Arrah (बिहार) का पुरस्कार भी मिला है। इन[illegible]से भारतीय-ज्यौतिष के इतिहास की बहुत सी गुत्थियें सुलझी हैं और अब [illegible] भी आगे बढ़ रहा है।

वर्धमान केन्द्र (अहमदाबाद) [illegible] निर्देशन में जैनज्यौतिष-गणित [illegible] अनुसन्धान [illegible] योजना

ऊंझा (गुजरात) में जून (१९७८) में [illegible] [illegible]गर जी महाराज के साथ डा. शर्मा को संस्कृत में वार्तालाप का सौभा[illegible] [illegible]ा और वह डा. शर्मा तथा डा. लिश्क के विशेष भाषणों का आयोजन [illegible] किया गया। जैनमुनि श्री अभयसागर जी महाराज स्वयं गणित [illegible] जैनज्योतिष तथा जैनदर्शन के उद्भट विद्वान् हैं। आपने डा. शर्मा के द्वारा किये जा रहे शोध कार्यों से प्रसन्न होकर वर्धमान केन्द्र (अहमदाबाद) को एक शोधयोजना डा. शर्मा के निर्देशन में प्रचलित करने की सलाह दी। इस योजना में कुछ नियुक्तियां होंगी। अभी इस योजना में डा. लिश्क तथा ग्वालियर के डा. सिंघल की नियुक्ति हुई है। डा.शर्मा के निर्देशन में जैनज्यौतिष-गणित तथा पुद्गल-सिद्धान्त, परमाणुवाद आदि विषयों पर वैज्ञानिक शोधकार्य हो रहा है। डा. शर्मा सूर्यप्रज्ञप्ति आदि ग्रन्थों पर काम कर रहें हैं और पुद्गल गतिविज्ञान के विषय में भी शोधकार्य कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त डा. शर्मा के निर्देशन में न्यूलिकयर फ़िजिक्स तथा भारतीय गणित के आधुनिक विषयों में प्रयोगों पर भी शोधकार्य चलते रहे हैं।

इन गतिविधियों के अतिरिक्त डा. शर्मा का MAT-SCIENCE मद्रास में केतकर की प्लूटो की भविष्यवाणी के आधार गणितीय-विवेचन पर भी भाषण हुआ। थाणा (बाम्बे) तथा कल्याण एवं पूना में भी ज्यौतिष एवं भौतिकविज्ञान से सम्बन्धित भाषण हुए। कालड़ी (तमिलनाडु) में पूज्य श्रीचरण श्री १००८ शंकराचार्य काञ्चीमठ द्वारा भी आमन्त्रण मिलने पर आप शंकराचार्य जयन्ती समारोह में सम्मिलत हुए और "स्वरसप्तक" के विकास पर उपस्थापन किया। इसके अतिरिक्त अहमदाबाद में L.D. Institute तथा वेधशाला में भी आपके भाषण हुए।

प्रो. प्रियव्रत शर्मा एवं डा. शक्तिधर शर्मा ने "शास्त्रीय पंचांग मीमांसा" नामक एक पुस्तक का प्रकाशन भी किया है, जिसमें सौर पक्षपातियों के निराधार आक्षेपों के उत्तर दिए हैं और दृक्पक्ष के समर्थन में गणित-विज्ञान के आधार पर सैद्धान्तिक-विवेचन किया है। इस पुस्तक का विज्ञापन पृष्ठ ५ पर है। इसे मंगवा कर अवश्य पढ़ें।

—प्रकाशक

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

दृग्गणित पर किए गए आक्षेपों का प्रतिवाद एवं सौर आदि स्थूल गणितों का आमूलचूड़ खण्डन करने वाला एक प्रौढ़ प्रकाशन

शास्त्रीय पंचांग मीमांसा

लेखक–प्रियव्रत शर्मा, डा. शक्तिधर शर्मा

सन् १९६३ ई. के नवंबर में अमृतसर में हुए अखिल भारतीय शास्त्रार्थ में हम दोनों भाईयों ने दृग्गणित के समर्थन और सौर-ब्रह्म आदि स्थूल गणितों के खण्डन में जो तर्क उपस्थित किए, उनका प्रतिवाद स्थूल पक्ष के समर्थक श्री १००८ निरञ्जन देव जी शंकराचार्य पुरी एवं बनारस के श्री राम व्यास पाण्डेय ज्यो. आ. प्रभृति तनिक भी नहीं कर सके – इसमें प्रमाण है उस शास्त्रार्थ सभा में उपस्थित विद्वान् लोग तथा जालन्धर अमृतसर के समाचार पत्रों में प्रकाशित एतद्विषयक समाचार। इस शास्त्रार्थ के बाद श्री स्वामी करपात्री जी महाराज श्री मोठालाल हिम्मत राम ओझा और श्री सुब्ब शास्त्री आदि सौर पक्षानुयायियों ने दो-तीन लघुपुस्तिकाएं (Pumphlets) संस्कृत में प्रकाशित की, जिनमें दृक्पक्षीय गणित पर अनेक अशास्त्रीय एवं गणित विरुद्ध भ्रामक आक्षेप करते हुए सूर्यसिद्धान्त को सर्वथा धर्म-शास्त्र-सम्मत तथा दृक्पक्ष को धर्मशास्त्र-विरुद्ध सिद्ध करने का विफल प्रयास किया गया। इन पुस्तिकाओं से अनेक ज्योतिष-सिद्धान्तानभिज्ञ विद्वज्जन भी भ्रान्त हो सकते हैं,—ऐसा सोच कर उनके प्रतिवाद में हमने संस्कृत में "शास्त्रीय पंचाग मीमांसा" पुस्तक बहुत दिन पहिले ही लिख डाली थी। अनेक कारणों से आज तक अप्रकाशित यह पुस्तक, अब प्रकाशित होकर विद्वानों के समक्ष प्रस्तुत है।

विगत वि. स. २०३४ में स्थूल और सूक्ष्म गणित के पक्षपाती पंचागकारों में अधिक मास के सम्बन्ध में विवाद उठ खड़ा हुआ था। इस विवाद में पुरी के शंकराचार्य श्री १००८ निरजन देव जी और जोधपुर-बाड़मेर के दो-तीन पण्डितों ने सौर-ब्राह्म-पक्षीय पंचागों का समर्थन किया। इनके सिद्धान्तहीन तर्कों का प्रतिवाद हमने लेखों द्वारा किया। इस पर भी जब वे राजस्थानी पण्डित व्यक्तिगत आक्षेपों पर उतारू हो गए, तब हमने सयत वाद-विवाद हेतु किसी वेधशाला में उपस्थित होने के लिए उन्हें आमन्त्रित किया, तो उन्होंने अपने आवास से शास्त्रार्थ-स्थल तक का किराया उचित न होते हुए भी हमसे मांगा। लेकिन हमने उनकी इस नियम विरुद्ध मांग को भी स्वीकार किया और उन दोनों राजस्थानी पण्डितों तथा उनके दो मनोनीत मध्यस्थों का अनुमानित यातायात व्यय ५०० रु. प्रति [illegible] १५०० (डेढ़ हजार) रुपया जोधपुर की राजमाता जी के पास [illegible] और उन पण्डितों को सूचना दे दी गई, कि—शास्त्रार्थ [illegible] मनोनीत मध्यस्थों का किराया श्रीमती राजमाता [illegible] रुपया अभी तक श्री राजमाता जी के पास पड़ा है। वे पण्डित आज तक शास्त्रार्थ के लिए उद्यत तक नहीं हुए हैं। उन्होंने अपने पत्र में यह उत्तर दिया है, कि-वे अवसर आने पर शास्त्रार्थ करेंगे। एक वर्ष से भी अधिक समय बीत चुका है, उनका यह अवसर कब आएगा, हमें समझ में नहीं आ रहा है। कोई बात नहीं। उनका तथा उनके मनोनीत दो मध्यस्थों का आवास स्थल से भारतवर्ष की किसी भी वेधशाला तक का किराया अभी तक राजमाता जोधपुर के पास सुरक्षित पड़ा है। वे जब चाहें किसी वेधशाला में अपने दो मध्यस्थों के साथ पहुंचकर हमसे इस विषय पर नियमानुसार शास्त्रार्थ कर सकते हैं। उन्हें हमारा यह आह्वान स्थायी है।

[illegible] के प्रौढ़ि ने इस विचार [illegible]

डा. मि. हकीम चंद

स्पष्ट है,—श्री १००८ शंकराचार्य पुरी जी और वे राजस्थानी पण्डित हमसे प्रत्यक्ष मिल कर शास्त्रार्थ करने से कतरा रहे हैं। इसलिए अब हम संस्कृत भाषा में लिखी १८० पृष्ठ की यह पुस्तक (शास्त्रीय पंचाग मीमासा) मुद्रित करवा कर उन्हें भेज रहे हैं। इस पुस्तक में दृग्गणित के समर्थन एवं सौर-ब्राह्मादि स्थूल पक्षों के विखण्डन में दिए गए शास्त्रीय एवं गणितीय प्रमाण तथा तर्कों का शास्त्रीय और गणितीय प्रतिवाद हम उनसे आमन्त्रित करते हैं। प्रत्यक्ष शास्त्रार्थ यदि भयावह लगता है, तो लीजिए — यह मुद्रित महानिबन्ध। आइए, इसमें दिए गए हमारे तर्क-वितर्कों का एतत्कृत लिखित या मुद्रित उत्तर दीजिए।

यह पुस्तक इन छः अध्यायों में विभाजित है — (१) दृग्गणितैक्यापादनार्थैव सिद्धान्तकाराणां प्रवृत्तिः। (२) दृक्तुल्यः तिथिरेव शास्त्र—सम्मता। (३) बीजसोपपत्तिका संस्काराश्च। (४) अयनांशाः। (५) दृग्गणितं धर्मशास्त्र च। (६) विविधा निबन्धाः।

भारत के सभी विद्वान् पंचागकारों, ज्योतिषियों, वेधशालाओं तथा अन्य ज्योतिष-संस्थाओं को यह पुस्तक उपहार के रूप में बिना मूल्य भेजी जा रही है।

बड़े साइज़ के सुन्दर पेपर पर मुद्रित, तिरङ्गे आकर्षक टाइटिल में [illegible]

मूल्य १[illegible] रुपए।

[illegible] । इस सामान मेरे शर्मा, शक्तिधर शर्मा

पुस्तक यहां से प्राप्य है — [illegible] सय से पूर्व ही उपसिला, [illegible] श्री मार्तण्ड [illegible] से प्राप्त आमन्त्रणा [illegible]

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

चन्द्र-दर्शन की व्यभिचरणशील भविष्यवाणी

सूर्यसिद्धान्त आदि सभी प्राचीन सिद्धान्त-ग्रंथों में ग्रहों के लोप-दर्शन के निर्धारण के लिए 'कालांश-पद्धति' का ही आश्रय लिया गया। लोप-दर्शन के लिए नवाविष्कृत 'उन्नतांश-पद्धति' अपेक्षाकृत अधिक वैज्ञानिक है। कालांश-पद्धति से निर्णीत गुरु-शुक्र के लोप-दर्शन की तिथियों में तो अनेक बार सप्ताह से भी अधिक का व्यभिचार देखा गया है। उन्नतांश-पद्धति से दो दिन से अधिक का व्यभिचरण कभी नहीं होता। कालांश-पद्धति में चन्द्र के लोप-दर्शन के कालांश १२ माने गए हैं। इसके अनुसार सूर्यास्त के समय चन्द्रमा यदि अपने अहोरात्रवृत्त में क्षितिज से कम से कम १२ अंश ऊपर हो तो वह दृग्विषय हो जाता है। उन्नतांश पद्धत्यनुसार वह तब दृष्टि-ग्राह्य होता है, जब सूर्यास्त के समय वह दृग्वृत्त में क्षितिज से कम से कम १२ अंश ऊपर हो। कालांश-पद्धति शून्य-अक्षांशीय-स्थलों पर अपेक्षाकृत कम व्यभिचरित होती है। अक्षांशों की वृद्धि के साथ-साथ इस पद्धति में अधिकाधिक व्यभिचार देखने को मिलता है, क्योंकि वहां सूर्यास्त के समय चन्द्रमा अपने अहोरात्रवृत्त में क्षितिज से १२ अंश ऊपर होने पर भी अधिकाधिक क्षितिजासन्न होने के कारण सूर्य की प्रभा से पिहित होने लगता है। यही कारण है, कि—सूक्ष्मता के अभिलाषी सभी पंचांगकार उन्नतांश पद्धति से ही चन्द्र-दर्शन की तिथि का निर्णय करते हैं। इस पद्धति के अनुसार १२ उन्नतांश होने पर चन्द्रमा सर्वत्र क्षितिज से १२ अंश ऊपर लम्बवृत्त में रहता है, और सूर्य की प्रभा उसे प्रभावित नहीं कर पाती। जब चन्द्रमा के उन्नतांश १२ अंशों से कुछ न्यूनाधिक हों तब कलुषित वातावरण आदि की स्थिति में उसकी दृष्टि-ग्राह्यता सन्देहास्पद ही रहती है। ऐसी स्थिति प्रतिवर्ष एक-दो बार या इससे भी अधिक बार उत्पन्न होती है। विश्व की सभी वेधशालाएं, पंचांगकार और नक्षत्रवेत्ता ऐसे निश्चयात्मक-स्थलों पर चन्द्र दर्शन की यथार्थ तिथि की प्रतिज्ञापूर्वक भविष्यवाणी ...ने में अभी तक सर्वथा असमर्थ रहे हैं; भविष्य में भी वे ऐसे स्थलों पर चन्द्र-...र्शन की तिथि का 'इदमित्थम्' निर्धारण करने में असमर्थ ही रहेंगे :—यह सिद्धान्त-दृष्ट्या स्पष्ट है। ध्यान रहे—चन्द्र-दर्शन के ऐसे सन्देहास्पद स्थलों पर हम "अक्षांश ...द से भारत के विभिन्न स्थलों पर चन्द्रदर्शन की तारीखें" वाले कोष्ठक की ...णी में "चन्द्रदर्शन की सम्भावना" शब्दों का प्रयोग किया करते हैं। एक-दो ...ी पण्डितों ने मार्तण्ड पंचांग के ऐसे सन्देहास्पद एक चन्द्रदर्शन की तिथि ...ध में व्यर्थ की छींटाकशी की है। ११ दिसम्बर, सन् १९७७ वाले चन्द्रदर्शन ...पर उन्होंने आक्षेप किया है, जबकि चन्द्रदर्शन की इस तिथि के सम्बन्ध ...ांग (सं० २०३४) के पृष्ठ १०० पर सम्भावना ही व्यक्त की हुई है। स्पष्ट है—...न राजस्थ... पण्डितों को यह भ्रान्त-ज्ञान है, कि चन्द्रदर्शन की तिथि की भविष्यवाणी प्र...क स्थिति में उन्नतांश या कालांश-पद्धति द्वारा निश्चयात्मक रूप में की जा सकती है। यदि वे पंडित ऐसे (उपरोक्त) सन्देहास्पद स्थलों पर भी हम से चन्द्रदर्शन-तिथि की अव्यभिचरणशील भविष्यवाणी चाहते हैं, तो हम तो विश्व के अन्य सभी पंचांगकारों की भान्ति इस विषय में अपनी असमर्थता प्रकट करते हैं, और हम उन पण्डितों से इस प्रकार के व्यभिचरण का निवारण करने वाले किसी 'गणित-सूत्र' को जानना चाहते हैं, जिसे वे प्रत्येक स्थिति में चन्द्रदर्शन की तिथि का यथार्थतः निश्चायक मानते हैं. और वे हमें अपने उस तथाकथित "दिव्य" सूत्र द्वारा पूरी गणित प्रक्रिया का निर्देश करते हुए यह भी सिद्ध कर दिखाएं, कि—दिसम्बर, सन् १९७७ ई० वाला चन्द्रदर्शन भारत के प्रत्येक स्थल पर १२ तारीख को ही होना चाहिए था। सन् १९७९ ई० की २७ फरवरी और २७ अप्रैल वाले दोनों चन्द्र-दर्शन भी सन्देहास्पद हैं। वे पण्डित लोग भारत के विभिन्न अक्षांश वाले स्थलों पर इन दोनों चन्द्रदर्शनों की तारीखों का प्रतिज्ञापूर्वक निर्धारण अपने उस "सूत्र" के अनुसार पूरी गणित प्रक्रिया दिखाते हुए कर दिखाएं। नहीं तो व्यर्थ की ऐसी आलोचना और वितण्डा से न तो उन्हें ही कुछ लाभ है और न ज्योतिष शास्त्र को ही। —सम्पादक

गणकमार्त्तण्ड

"गणक-मार्त्तण्ड" ग्रंथ के लिए हमारे कार्यालय में प्रतिदिन अनेक पत्र आते रहते हैं। हम उन सब को उत्तर नहीं दे पाते। गणकमार्त्तण्ड का प्रथम संस्करण अभी प्रेस में ही है। प्रकाशित होते ही हम उन सभी ग्राहक महानुभावों को सूचित कर देंगे, जिनको हमने आरक्षण नम्बर दिए हुए हैं। ग्रंथ विशाल है। अतः भरसक प्रयत्न करने पर भी इसके प्रकाशन में इतना विलम्ब होता जा रहा है; हम इसके लिए क्षमा चाहते हैं। इस ग्रंथ के प्रथम संस्करण के लिए जितने ग्राहक हमें चाहिएं थे, उतने ग्राहकों को आरक्षण नं. भेजे जा चुके हैं। इसका द्वितीय संस्करण प्रथम संस्करण के प्रकाशन के एक-दो महीना बाद ही हम प्रकाशित कर देंगे, क्योंकि—एक बार प्रकाशित हो चुके ग्रंथ के पुनः प्रकाशन में कोई कठिनाई नहीं होती। अब जो महानुभाव इसके द्वितीय संस्करण के लिए अपनी प्रति सुरक्षित करवाना चाहें, वे हमें पत्र दे सकते हैं। द्वितीय संस्करण के लिए भी बहुत से ग्राहकों के पत्र हमारे पास आ चुके हैं। हम अभी उन्हें आरक्षण नं. नहीं दे पाए। उनके पत्र हमारे पास सुरक्षित हैं। उन्हें भी द्वितीय संस्करण के लिए यथा समय आरक्षण नं. भेज दिए जाएंगे।

—मैनेजर,

मार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय, मु.पो. कुराली (रोपड़), पंजाब।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection